बुधवार, 18 मार्च 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 22 – 33 |
| आर्द्रता | 66% |
| सूर्योदय: 05:44 | सूर्यास्त: 17:46 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** इंसान की खूबसूरती उसके विचार और व्यवहार पर निर्भर करती है।



विपक्ष ने जनरल डिब्बों को लेकर झूठा विमर्श गढ़ा, उनके लिए गरीब सिर्फ वोट बैंक: वैष्णव पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# तृणमूल कांग्रेस 294 में से 291 सीट पर चुनाव लड़ेगी : ममता

## भवानीपुर से ममता-शुभेंदु की लड़ाई तय

## 52 महिलाएं, 95 अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और 47 अल्पसंख्यक बने उम्मीदवार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की। तृणमूल प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि पार्टी राज्य की 294 सीट में से 291 सीट पर चुनाव लड़ेगी। कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन में ममता ने कहा कि दार्जिलिंग पहाड़ियों की शेष तीन सीट पर अनित थापा के नेतृत्व वाला भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (बीजीपीएम) चुनाव लड़ेगा। ममता बनर्जी भवानीपुर सीट से चुनाव लड़ेंगी। ममता ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी के साथ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करते हुए कहा कि हम 294 सीट में से 291 सीट पर चुनाव लड़ेंगे। शेष तीन सीट पर हमारे सहयोगी, अनित थापा के नेतृत्व वाला बीजीपीएम दार्जिलिंग पहाड़ियों में चुनाव लड़ेगा। ममता ने विश्वास जताया कि टीएमसी 2026 के विधानसभा चुनावों में आसानी से बहुमत हासिल करने के साथ सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने दावा किया कि हम 2026 के विधानसभा चुनावों में 226 से अधिक सीट जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने उन पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी आश्वस्त करने की कोशिश की, जिन्हें उम्मीदवारों की सूची में जगह नहीं मिल पाई है। ममता ने कहा कि ऐसे नेताओं को संगठन में समायोजित किया जाएगा। विपक्षी दल भाजपा पर निशाना साधते हुए ममता ने कहा कि चुनाव में भाजपा की सीट में कमी आएगी। उन्हें उनकी जनविरोधी नीतियों का मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव में टीएमसी के 291 उम्मीदवारों में से 52 महिलाएं, 95 अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और 47 अल्पसंख्यक हैं। – पृष्ठ 5

## ममता ने ईद से पहले अधिकारियों के तबादलों पर सवाल उठाए

मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर विधानसभा चुनाव से पहले वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के तबादले किये जा रहे हैं। उन्होंने चेताया कि राज्य में किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में निर्वाचन आयोग और भाजपा जिम्मेदार होंगे। उम्मीदवारों की सूची की घोषणा करते हुए पत्रकारों से बातचीत में ममता ने ईद से ठीक पहले प्रमुख प्रशासनिक पदों पर किए गए परिवर्तनों के समय पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ईद से ठीक पहले वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला क्यों किया जा रहा है? क्या चुनाव से पहले दंगे भड़काने का कोई इरादा है? मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि तबादलों की सूची भाजपा कार्यालय में तैयार की गई और निर्वाचन आयोग ने केवल इसे लागू किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के बाहर के कुछ अधिकारियों को भाजपा को चुनावी प्रक्रिया में सहायता देने के लिए लाया गया है। बनर्जी ने कहा कि भाजपा की मदद के लिए राज्य के बाहर से कुछ लोगों को लाया गया है। निर्वाचन आयोग पर राजनीतिक दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए टीएमसी प्रमुख ने कहा कि आयोग भाजपा की ओर से अच्छा खेल खेल रहा है। बनर्जी ने कहा कि उन्हें सीधे भाजपा के लिए प्रचार करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों को इसलिए बदला गया है, ताकि बिना किसी बाधा के भाजपा को धन और हथियार आसानी से हस्तांतरित किए जा सकें। चुनाव अवधि के दौरान किसी भी घटना के होने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देते हुए ममता ने कहा कि इसके लिए भाजपा और निर्वाचन आयोग दोनों को जवाबदेह होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर कुछ अप्रिय घटना घटती है, तो भाजपा और निर्वाचन आयोग जिम्मेदार होंगे। अगर कुछ गलत होता है, तो उन्हें जवाबदेह होना चाहिए।

## गोद लिए हर उम्र के बच्चे पर मिलेगा मैटरनिटी लीव, सुप्रीम कोर्ट ने बदला 3 महीने की शर्त वाला कानून

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में साफ कर दिया है कि अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिलाओं को मातृत्व अवकाश मिलेगा। यह फैसला कामकाजी महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने ये अहम फैसला सुनाया है। अब तक कानून में केवल 3 महीने तक के बच्चे को गोद लेने पर ही 12 हफ्ते की छुट्टी का प्रावधान था, जिससे बड़ी उम्र के बच्चों को गोद लेने वाली माताएं इस सुविधा से वंचित रह जाती थीं।

कोर्ट ने कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी, 2020 की धारा 60(4) को रद्द करते हुए कहा कि यह प्रावधान वास्तविक परिस्थितियों से मेल नहीं खाता और इसे बदलना जरूरी है।

**तीन महीने की शर्त को बताया मनमाना और भेदभावपूर्ण**

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि 3 महीने की उम्र के आधार पर मातृत्व अवकाश देना पूरी तरह से मनमाना है।इससे दो तरह की गोद लेने वाली माताओं के बीच असमानता पैदा होती थी। ऐसे में दो वर्ग बन गए थे, एक जिन्हें छुट्टी मिलती थी और दूसरी जिन्हें नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐसा बंटवारा संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा कि कानून का उद्देश्य सभी बच्चों और माताओं के हितों की रक्षा करना होना चाहिए, न कि उनके बीच भेदभाव करना।

**मातृत्व को बताया बुनियादी मानव अधिकार**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में मातृत्व को केवल एक सामाजिक भूमिका नहीं, बल्कि एक बुनियादी मानव अधिकार बताया। कोर्ट ने कहा कि मातृत्व अवकाश का मकसद सिर्फ महिला को आराम देना नहीं है, बल्कि बच्चे और मां दोनों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास को सुनिश्चित करना है।यह अधिकार महिला की गरिमा, स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर समान अवसर से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए इसे सीमित करने वाला कोई भी प्रावधान संवैधानिक कसौटी पर खरा नहीं उतर सकता।

## मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति से बात की, होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही पर जोर

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान से फोन पर बात कर पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की सुरक्षित व निर्बाध आवाजाही के महत्व पर सहमति जताई। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई पर हुए सभी हमलों की कड़ी निंदा की और पश्चिम एशिया में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए मिलकर काम जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

### 28 फरवरी से अब तक पश्चिम एशिया से 2.44 लाख भारतीय लौटे: विदेश मंत्रालय

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि 28 फरवरी से अब तक लगभग 2.44 लाख लोग क्षेत्र से भारत लौट चुके हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति पर यहां आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर महाजन ने बताया कि इस संघर्ष में अब तक पांच भारतीय नागरिकों की मौत हुई है, जबकि एक व्यक्ति लापता है। उन्होंने कहा कि हाल में ओमान के सोहार शहर में हुई एक घटना में मारे गए दो भारतीयों के पार्थिव शरीर मंगलवार को भारत लाए गए और ये जयपुर में उनके परिजनों को सौंप दिए गए।

## डाक विभाग ने 24 व 48 घंटे में डिलिवरी की गारंटी वाली प्रीमियम सेवाएं कीं शुरू

**नयी दिल्ली :** डाक विभाग ने त्वरित एवं समयबद्ध पार्सल के लिए 24 घंटे और 48 घंटे में डिलिवरी की गारंटी वाली तीन प्रीमियम सेवाएं मंगलवार को शुरू कीं। विभाग उन कूरियर सेवाओं के बढ़ते बाजार के मुकाबले खुद को नए सिरे से स्थापित करने की कोशिश कर रहा है जो कुछ ही घंटों में डिलिवरी का वादा करती हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यहां '24 स्पीड पोस्ट', '24 स्पीड पोस्ट पार्सल' और '48 स्पीड पोस्ट' की शुरुआत की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के 11 महीनों में 'इंडिया पोस्ट' ने 20 प्रतिशत की उत्साहजनक राजस्व वृद्धि दर्ज की है। प्रारंभिक चरण में ये सेवाएं दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में शुरू की गई हैं।

## सरकार ने लोकसभा से जन विश्वास संशोधन विधेयक वापस लिया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा से एक विधेयक वापस ले लिया जिसमें विश्वास आधारित शासन को सशक्त बनाने के लिए कई मामलों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और तर्कसंगत बनाने के मकसद से कुछ अधिनियमों में संशोधन करने का प्रावधान है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सदन की अनुमति के बाद प्रवर समिति की रिपोर्ट के अनुसार जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2025 वापस ले लिया। अधिकारियों ने बाद में कहा कि लोकसभा की प्रवर समिति की सिफारिशों को शामिल करने के बाद विधेयक को फिर से पेश किया जाएगा। किसी लंबित विधेयक को सदन की अनुमति के बाद वापस लिया जा सकता है, वहीं एक निरसन विधेयक लाकर किसी कानून को निरस्त किया जा सकता है।

## शीर्ष अदालत 'उद्योग' की परिभाषा से संबंधित 1978 के फैसले के औचित्य की करेगी समीक्षा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय की एक संविधान पीठ ने मंगलवार को कहा कि वह वह 1978 के उस फैसले की कानूनी यथार्थता की जांच करेगा जिसमें श्रम संबंधों को नियंत्रित करने के लिए ''उद्योग'' शब्द की विस्तृत व्याख्या दी गई थी। सात-सदस्यीय संविधान पीठ ने बेंगलुरु जलापूर्ति एवं मलजल शोधन बोर्ड की याचिका पर विचार करते हुए 21 फरवरी, 1978 को 'उद्योग' शब्द की परिभाषा पर फैसला सुनाया था। वर्ष 1978 के इस फैसले ने उद्योग की व्याख्या को इतना व्यापक कर दिया कि इसका दायरा केवल कारखानों के कर्मचारी तक सीमित न रहकर, कई अन्य क्षेत्र जैसे अस्पताल, स्कूल, क्लब और सरकारी कल्याण विभाग के कर्मचारियों तक व्यापक हो गया था और वे भी औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के तहत अपनी श्रमिक सुरक्षा और अधिकारों का लाभ लेने के पात्र हो गए। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-सदस्यीय संविधान पीठ ने 'उद्योग' की दशकों पुरानी परिभाषा के कानूनी वैधता के निर्धारण संबंधी विभिन्न याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई शुरू की।

## भारत ने काबुल के पुनर्वास केंद्र पर पाकिस्तान के हवाई हमले की कड़ी निंदा दी

**400 लोगों की मौत का अफगान सरकार का दावा**

**नयी दिल्ली :** भारत ने मंगलवार को काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र पर पाकिस्तान के हवाई हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे अफगानिस्तान की संप्रभुता पर ''खुला हमला'' और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए खतरा बताया। अफगान तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने कहा कि सोमवार रात पाकिस्तान द्वारा की गई बमबारी में अफगानिस्तान की राजधानी में स्थित एक नशामुक्ति केंद्र को निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि इस हमले में कम से कम 400 लोग मारे गए और 250 अन्य घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सोमवार रात काबुल के एक नशामुक्ति अस्पताल पर पाकिस्तान के बर्बर हवाई हमले की कड़ी निंदा करता है। इसने एक बयान में कहा, ''यह हिंसा का एक कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य है जिसमें एक ऐसे प्रतिष्ठान में बड़ी संख्या में नागरिकों की जान चली गई जिसे किसी भी तरह से सैन्य लक्ष्य के रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता।'' मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान अब ''नरसंहार को सैन्य अभियान का रूप देने की कोशिश कर रहा है।'' बयान में कहा गया, ''पाकिस्तान द्वारा किया गया यह जघन्य आक्रमण अफगानिस्तान की संप्रभुता पर एक खुला हमला, और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए सीधा खतरा है।''

## लारीजानी को मार गिराया गया, इससे ईरानियों को अपना भविष्य तय करने में मदद मिलेगी : नेतन्याहू



**यरूशलम :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी को मार गिराने का दावा करते हुए कहा कि अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों का उद्देश्य ईरानी सरकार को कमजोर करना था ताकि ईरानियों को अपना भविष्य तय करने का मौका मिल सके। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, ''आज सुबह हमने अली लारीजानी को मार गिराया... उसके साथ ही हमने बासिज के कमांडर को भी मार गिराया – ये 'अपराधियों के सहायक' थे जो तेहरान और ईरान के अन्य शहरों की सड़कों पर लोगों को आतंकित कर रहे थे।'' इजराइली हमले में 28 फरवरी को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद लारीजानी प्रभावी रूप से ईरान के युद्ध प्रबंधन के प्रभारी के रूप में उभरे थे। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव लारीजानी के बारे में इजराइली दावे को लेकर तेहरान की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

# एलपीजी प्रोडक्शन 38% बढ़ा

## पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार

### ऊर्जा संकट टालने के लिए एक्शन मोड में सरकार

**नई दिल्ली :** ईरान युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में नाकेबंदी के बीच भारत में एलपीजी सप्लाई की स्थिति को लेकर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मंगलवार को विस्तृत जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है और किसी भी तरह की कमी नहीं है। सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और ऑयल कंपनियां ने कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार बनाए रखा है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि फिलहाल भारत के पास अपनी जरूरत का पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और घरेलू मांग के लिए आयात की आवश्यकता नहीं है। देशभर में किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की कोई खबर नहीं है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां नियमित आपूर्ति बनाए हुए हैं। सरकार ने लोगों से अपील की कि वे घबराकर पेट्रोल और डीजल की खरीददारी न करें। मंत्रालय ने बताया कि घरेलू पीएनजी और सीएनजी उपभोक्ताओं को 100% गैस आपूर्ति दी जा रही है, जबकि इंडस्ट्रियल और कमर्शियल कंज्यूमस्र के लिए आपूर्ति लगभग 80% तक सीमित की गई है। शहरी क्षेत्रों में कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। एलपीजी की आपूर्ति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर लेवल पर कमी की सूचना नहीं है।



### एलपीजी कालाबाजारी पर सरकार का बड़ा एक्शन, 12,000 छापे

नई दिल्ली : पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मुताबिक अब तक 12,000 से ज्यादा छापेमारी की जा चुकी है और करीब 15,000 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। सरकार का कहना है कि देश में ईंधन की सप्लाई को सामान्य बनाए रखने के लिए यह सख्ती जरूरी है। सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि वे आवश्यक वस्तु कानून के तहत जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। इसके तहत देशभर में नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं और जिला स्तर पर निगरानी समितियां गठित की गई हैं। तेल कंपनियों ने भी 2,500 से ज्यादा औचक निरीक्षण किए हैं, ताकि सप्लाई चेन में किसी तरह की गड़बड़ी न हो।

### दूसरा एलपीजी टैंकर भारत पहुंचा, अटके पड़े 22 अन्य जहाजों को लाने के प्रयास जारी

भारतीय ध्वज वाला दूसरा एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकलने के बाद मंगलवार तड़के स्वदेश पहुंच गया। युद्ध क्षेत्र में फंसे अन्य 22 भारतीय जहाजों को सुरक्षित लाने के प्रयास जारी हैं। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी टैंकर नंदा देवी, मंगलवार तड़के लगभग 2:30 बजे गुजरात के कांडला बंदरगाह पर पहुंचा। सोमवार को पहला जहाज, शिवालिक गुजरात के मुंदड़ा बंदरगाह पर पहुंचा था। दोनों जहाज पर लगभग 92,712 टन एलपीजी हैं। यह देश में एक दिन की खाना पकाने की गैस की आवश्यकता के बराबर है। सिन्हा ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''दोनों जहाजों ने एलपीजी उतारना शुरू कर दिया है। इस समय, नंदा देवी मुख्य जहाज से अपने छोटे जहाजों में एलपीजी स्थानांतरित कर रहा है।'' उन्होंने कहा कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में भारतीय जहाजों से जुड़ी कोई भी घटना नहीं हुई है। एलपीजी लाने वाले दोनों जहाजों ने 13 मार्च को अपनी यात्रा शुरू की और 14 मार्च की सुबह होर्मुज जलडमरूमध्य को पार किया था।



## पंजाब-हरियाणा में मातृ-स्वास्थ्य को गंभीरता से लें

हालांकि, पंजाब में पिछले दिनों सामने आए मातृ स्वास्थ्य से जुड़े आंकड़े कुछ हद तक उम्मीद जरूर जगाते हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। राज्य में बच्चे को जन्म देने के दौरान मातृ मृत्यु दर में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। जो निश्चित रूप से गर्भावस्था और प्रसव के दौरान माताओं की सेहत की सुरक्षा करने में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की क्षमता में क्रमबद्ध सुधार का ही संकेत देती है। लेकिन, इस मामूली गिरावट के बावजूद एक गंभीर चिंता को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि प्रगति अभी भी धीमी व असमान गति वाली है। दरअसल, मातृ मृत्यु दर प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर होने वाली मौतों के रूप में मापी जाती है। जिसे व्यापक अर्थों में किसी भी समाज की स्वास्थ्य सेवा की क्षमता तथा समाज में लैंगिक समानता का एक महत्वपूर्ण सूचक भी माना जाता है। इस तरह मातृ मृत्यु दर में आई मामूली गिरावट भी प्रसव पूर्व गर्भवती स्त्री की देखभाल, संस्थागत स्तर पर प्रसव कराने और आपातकालीन प्रसूति सेवाओं की स्थिति में सुधार को ही दर्शाती है। इसके बावजूद अभी पंजाब में मातृ स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार की काफी गुंजाइश है। विशेष रूप से तब जब कि कई जिलों में मातृ मृत्यु दर अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। यहां जरूरी हो जाता है कि पंजाब के पड़ोसी राज्य हरियाणा में मातृ स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़े आंकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन भी किया जाए। हालांकि, पहले इस दिशा में आशातीत प्रगति दर्ज की गई थी। लेकिन अब हरियाणा की मातृ मृत्यु दर यानी एमएमआर के नवीनतम मूल्यांकन चक्र में स्थिति लगभग अपरिवर्तित ही नजर आती है। निश्चित तौर पर आंकड़ों में देखी जा रही यह स्थिरता सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति में एक आम चुनौती को ही उजागर करती है। निर्विवाद रूप से प्रारंभिक स्तर पर किए गए सुधार अक्सर त्वरित लाभ देते हैं, लेकिन जरूरी है कि इस दिशा में प्रगति को अनवरत बनाया रखा जाए। निस्संदेह, इस प्रगति के लिये निरंतर गहन संरचनात्मक परिवर्तनों की जरूरत होती है।

वास्तव में मातृ स्वास्थ्य रक्षा के लिये कई मोर्चों पर एक साथ काम करने की आवश्यकता होती है। ऐसे में केवल अस्पतालों और योजनाओं में निवेश करना ही पर्याप्त नहीं होता है। बल्कि गर्भावस्था के दौरान गुणवत्तापूर्ण देखभाल, समय रहते रेफरल और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की निरंतर निगरानी करना भी उतना ही महत्वपूर्ण माना जाता है। दरअसल, पंजाब में स्वास्थ्य संबंधी ऑडिट से पहले ही प्रणालीगत खामियों की ओर संकेत मिला है। जैसा कि निदान में देरी, प्रसवोत्तर रक्तस्राव जैसी जटिलताओं का खराब प्रबंधन तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच कमजोर समन्वय का होना भी है। निस्संदेह, इन कमियों को दूर करने के लिये जिला अस्पतालों को सुविधा संपन्न करना बेहद जरूरी है। इसके अलावा अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी जरूरत है। साथ ही ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों से रेफरल नेटवर्क में यथाशीघ्र सुधार करना भी बेहद आवश्यक हो जाता है। भारत सरकार ने सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के क्रम में मातृ मृत्यु दर को प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर 70 से कम करने का संकल्प लिया है। यदि पंजाब और हरियाणा को इस लक्ष्य को हासिल करना है तो उन्हें अपने प्रयासों में योजनाबद्ध ढंग से तेजी लानी होगी। इसमें दो राय नहीं कि मातृ मृत्यु दर महज चिकित्सा आंकड़े नहीं है। ये वो रोकी जा सकने वाली त्रासदी है, जो कई परिवारों और समुदायों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती है। निर्विवाद रूप से इस दिशा में जहां शासन की ओर से सजगता व सतर्कता की आवश्यकता होती है, वहीं चिकित्सा तंत्र से इस दिशा में गहरी संवेदनशीलता की जरूरत होती है। निश्चित रूप से हमारे समाज में आमतौर पर श्रमिक व वंचित तबका ही सरकारी अस्पतालों का रुख करता है, जो महंगे अस्पतालों में अपनों का इलाज कराने में सक्षम नहीं होता है। वे वंश वृद्धि और मातृ रक्षा की आस में सरकारी अस्पतालों का रुख करते हैं। निस्संदेह, पर्याप्त सुविधा का अभाव व समय पर उपचार न मिलने से होने वाली हानि व्यवस्था पर भरोसे को कम ही करती है।

# चुनावी निष्पक्षता की कसौटी पर प्रशासनिक बदलाव : पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए संकेत



डॉ. त्रिलोक नाथ पांडेय

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता है। जब भी देश के किसी राज्य में चुनाव की घोषणा होती है, तो प्रशासनिक तंत्र पर निष्पक्षता बनाए रखने की विशेष जिम्मेदारी आ जाती है। हाल ही में पश्चिम बंगाल में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों में किए गए बड़े बदलाव इसी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी की अभिव्यक्ति हैं। राज्य के पुलिस महानिदेशक, कोलकाता पुलिस आयुक्त, गृह सचिव और मुख्य सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नए अधिकारियों की नियुक्ति ने राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में व्यापक चर्चा को जन्म दिया है।

यह घटनाक्रम केवल एक प्रशासनिक फेरबदल नहीं है, बल्कि चुनावी पारदर्शिता और लोकतांत्रिक विश्वास की कसौटी भी है। चुनावों के दौरान प्रशासन की भूमिका अत्यंत संवेदनशील होती है, क्योंकि यही तंत्र मतदान की सुरक्षा, निष्पक्षता और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाता है। ऐसे में यदि किसी अधिकारी पर पक्षपात या राजनीतिक प्रभाव का आरोप लगता है, तो निर्वाचन आयोग के पास उसे हटाने या स्थानांतरित करने का अधिकार होता है। पश्चिम बंगाल में हालिया बदलाव इसी संवैधानिक अधिकार का प्रयोग हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति ऐतिहासिक रूप से तीव्र राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और कभी-कभी हिंसात्मक टकरावों के लिए जानी जाती रही है। पिछले कई चुनावों में बूथ कब्जाने, राजनीतिक हिंसा और मतदाताओं को डराने-धमकाने जैसी घटनाओं की खबरें सामने आई हैं। इसलिए इस बार निर्वाचन आयोग ने चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद प्रशासनिक स्तर पर बदलाव करके यह संदेश देने की कोशिश की है कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने के लिए कठोर कदम उठाए जाएंगे।

इन नियुक्तियों में नए पुलिस महानिदेशक और कोलकाता पुलिस आयुक्त जैसे अनुभवी अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इन अधिकारियों का प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी अनुभव चुनावी माहौल को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विशेष रूप से ऐसे अधिकारी जिनका अनुभव कानून-व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा रहा है, वे चुनाव के दौरान संभावित तनावपूर्ण परिस्थितियों को संभालने में सक्षम होते हैं।

हालाँकि, इस प्रकार के प्रशासनिक बदलावों को लेकर अलग-अलग राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाएँ भी स्वाभाविक हैं। विपक्षी दल अक्सर ऐसे कदमों का स्वागत करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे सत्ता पक्ष के प्रभाव को कम किया जा सकेगा। वहीं, सत्तारूढ़ दल कभी-कभी इसे प्रशासनिक हस्तक्षेप या राजनीतिक दबाव के रूप में भी देखता है। लोकतंत्र में इन दोनों दृष्टिकोणों का होना स्वाभाविक है, क्योंकि चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम ही नहीं बल्कि राजनीतिक विश्वास की परीक्षा भी होते हैं।

इन बदलावों का चुनाव परिणामों पर क्या प्रभाव पड़ेगा, यह एक जटिल प्रश्न है। प्रशासनिक परिवर्तन सीधे तौर पर मतदाताओं की राजनीतिक पसंद को नहीं बदलते, लेकिन वे चुनावी वातावरण को प्रभावित जरूर करते हैं। यदि प्रशासन निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से काम करता है, तो मतदाताओं को बिना किसी भय या दबाव के मतदान करने का अवसर मिलता है। इससे मतदान प्रतिशत बढ़ सकता है और चुनाव परिणाम वास्तविक जनमत को अधिक स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित कर सकते हैं।

दूसरी ओर, प्रशासनिक सख्ती के कारण चुनावी हिंसा में कमी आने की संभावना भी बढ़ जाती है। जब कानून-व्यवस्था पर मजबूत नियंत्रण होता है, तो राजनीतिक दल भी अपने प्रचार और गतिविधियों को संयमित ढंग से संचालित करने के लिए बाध्य होते हैं। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए सकारात्मक मानी जाती है क्योंकि इससे चुनावी प्रक्रिया अधिक शांतिपूर्ण और पारदर्शी बनती है।

भविष्य की दृष्टि से देखा जाए तो ऐसे कदम भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश भी देते हैं। यह संदेश है कि चुनावी प्रक्रिया केवल राजनीतिक दलों के बीच प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता की परीक्षा भी है। यदि निर्वाचन आयोग समय-समय पर प्रशासनिक स्तर पर निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करता है, तो इससे लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास और मजबूत होता है।

पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे राज्य की राजनीतिक दिशा को आने वाले वर्षों के लिए निर्धारित करेंगे। ऐसे में यह आवश्यक है कि चुनाव केवल राजनीतिक संघर्ष का मंच न बनकर लोकतांत्रिक मूल्यों का उत्सव बनें। प्रशासनिक बदलावों का वास्तविक मूल्यांकन भी इसी कसौटी पर होना चाहिए-क्या वे मतदाताओं को निर्भय वातावरण प्रदान करते हैं और क्या वे चुनावी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाते हैं।

अंततः, लोकतंत्र की सफलता केवल चुनाव परिणामों से नहीं, बल्कि उस प्रक्रिया की निष्पक्षता से तय होती है जिसके माध्यम से वे परिणाम सामने आते हैं। यदि पश्चिम बंगाल में यह प्रशासनिक पुनर्गठन चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने में सफल होता है, तो इसे भारतीय लोकतंत्र की एक सकारात्मक उपलब्धि के रूप में देखा जाएगा।

चुनावों का वास्तविक अर्थ यही है कि जनता अपनी इच्छा को स्वतंत्र रूप से व्यक्त कर सके। जब प्रशासन और चुनाव आयोग इस स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं, तब लोकतंत्र केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं रह जाता, बल्कि वह जनविश्वास की सशक्त अभिव्यक्ति बन जाता है।

# योगी से नाराज ब्राह्मण क्या बदल सकते हैं सियासी पाला



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की सियासत में चुनावी रंग लगातार चटक होता जा रहा है। वोटरों को लुभाने के लिए सभी हथकंडे अपनाये और हर छोटी-बड़ी घटना, हर बयान और हर फैसला अब चुनावी नजरिये से देखा जा रहा है कि इससे वोट बैंक पर कितना असर पड़ेगा। फिलहाल यादव बिरादरी और मुसलमान काफी हद तक समाजवादी पार्टी के साथ नज़र आ रहे हैं, लेकिन यूपी में ओवैसी की एंट्री से सपा को नुकसान भी हो सकता है. ठीक इसी तरह ब्राह्मण समुदाय जो हमेशा से भाजपा का मजबूत वोट बैंक रहा है, उसमें योगी सरकार के प्रति आक्रोश उबल रहा है. जिसमें हाल ही में एसआई की परीक्षा में ब्राह्मणों को लेकर एक विवादित सवाल ने ब्राह्मणों की नाराजगी को और बढ़ाने में आग में घी डालने का काम किया है.अब यह सवाल सिर्फ एक परीक्षा तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि इसने योगी सरकार के प्रति ब्राह्मणों के गुस्सा को और भी बढ़ा दिया है । राज्य पुलिस भर्ती की दरोगा परीक्षा में पूछा गया वह सवाल अब पूरे समाज की भावनाओं को चोट पहुंचाने का प्रतीक बन गया है। सवाल था अवसर के अनुसार बदल जाने वाले व्यक्ति को क्या कहा जाता है और उसके विकल्पों में पंडित शब्द को शामिल कर दिया गया। एक सामान्य परीक्षा का सवाल जिसका मकसद सिर्फ ज्ञान जांचना था वह अब जाति विशेष को अवसरवादी बताने का हथियार बन गया। डिप्टी मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने तुरंत इसकी निंदा की। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी सवाल से किसी समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाना बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है और कहा भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी। इसके दोस्तों को पकड़ने के लिए जांच कमेटी भी बना दी गई है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सभी भर्ती बोर्डों को सख्त निर्देश जारी कर दिए हैं कि किसी भी जाति पंथ या संप्रदाय की मर्यादा का ध्यान रखा जाए। अमर्यादित टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और बार-बार गलती करने वालों पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। लेकिन सवाल उठता है कि क्या यह सिर्फ क्षमा याचना और निर्देशों से काम चल जाएगा। क्योंकि ब्राह्मण समाज की नाराजगी अब एक-दो घटनाओं तक नहीं रही। यह एक सिलसिला बन चुका है जो पिछले कई महीनों से लगातार जारी है।

दिसंबर 2025 में विधानसभा सत्र के दौरान जब भाजपा के कुछ ब्राह्मण विधायकों ने लखनऊ में बैठक की तो प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने तुरंत सख्त चेतावनी दे दी। कहा गया कि जाति आधारित बैठक राजनीति पार्टी को मंजूर नहीं। लेकिन ठीक उसी साल अगस्त में ठाकुर विधायकों की बैठक हुई जिसमें चालीस से ज्यादा नेता शामिल थे। वह बैठक पांच सितारा होटल में हुई और उसे कुटुंब परिवार का नाम दिया गया। लोध और कुर्मी विधायकों की बैठक भी हुई लेकिन उन पर कोई नोटिस नहीं दिया गया। कोई चेतावनी नहीं मिली। सपा और कांग्रेस ने इस दोहरे मानदंड पर तीखे सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि भाजपा में ब्राह्मण विधायक एक जगह जुट भी नहीं सकते और न ही अपनी बात रख सकते हैं। यह ब्राह्मण पॉलिटिक्स पर सवाल था जो आज भी गूंज रहा है।फिर आया माघ मेला का विवाद। प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पालकी पर सवार होकर स्नान के लिए जा रहे थे। पुलिस ने कानून व्यवस्था का हवाला देकर रोका। धक्का-मुक्की हुई। शंकराचार्य के समर्थक बटुक ब्राह्मणों की चोटियां खींचने के आरोप पुलिस पर लगे। मामला इतना बढ़ा कि शंकराचार्य धरने पर बैठ गए और बिना स्नान किए लौट गए। सपा और कांग्रेस ने इसे राजनीतिक मुद्दा बना दिया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को ब्राह्मणों की नाराजगी दूर करने के लिए मैदान में उतरना पड़ा। बृजेश पाठक ने अपने सरकारी आवास पर सौ बटुकों को सम्मानित किया लेकिन क्या यह कदम पर्याप्त था। समाज अभी भी कह रहा है कि प्रशासन ने शंकराचार्य के साथ जो रवैया अपनाया वह अपमानजनक था।

फिर आई फिल्म घूसखोर पंडित। नेटफ्लिक्स पर मनोज बाजपेयी अभिनीत इस फिल्म का टीजर फरवरी 2026 में जारी हुआ। पुलिस अधिकारी को पंडित कहकर संबोधित किया गया। ब्राह्मण संगठनों ने देशभर में विरोध प्रदर्शन किए। यूपी में पोस्टर जलाए गए। सड़कों पर प्रदर्शन हुए। मामले ने सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। अदालत ने फिल्म रिलीज से पहले नाम बदलने का आदेश दिया और सीबीएफसी को नोटिस जारी किया। निर्माता नीरज पांडे को शीर्षक बदलना पड़ा। ब्राह्मण समाज ने इसे साजिश बताया कि जानबूझकर एक समुदाय को भ्रष्ट और घूसखोर करार दिया जा रहा है। फिल्म का नया नाम अभी तक तय नहीं हुआ लेकिन समाज के दिल में जो चोट लगी वह अभी भी ताजी है।यूजीसी के नए नियमों ने भी सवर्ण समाज खासकर ब्राह्मणों को नाराज किया। दलित और ओबीसी छात्रों के साथ भेदभाव रोकने के नाम पर बनाए गए नियमों को ब्राह्मणों ने अपने खिलाफ देखा। बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने माघ मेले में शंकराचार्य शिष्यों के साथ दुर्व्यवहार और यूजीसी नियमों को वजह बताया। सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने यूजीसी एक्ट 2026 पर रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि नियम सामान्य वर्ग को टारगेट कर रहे हैं और सामाजिक बंटवारा बढ़ा सकते हैं। केंद्र को नए नियम बनाने के लिए कहा गया। लेकिन इस दौरान ब्राह्मण सड़कों पर उतरे सोशल मीडिया पर विरोध हुआ।

ये सारी घटनाएं एक के बाद एक आईं और हर बार सरकार को सफाई देनी पड़ी। हर बार डैमेज कंट्रोल करना पड़ा। लेकिन ब्राह्मण समाज पूछ रहा है कि क्यों बार-बार उसकी भावनाओं की अनदेखी हो रही है। उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण वोटरों की संख्या दस प्रतिशत से ज्यादा है। 2017 के बाद से भाजपा को इनका 85 से 90 प्रतिशत वोट मिलता रहा है। यह परंपरागत वोट बैंक है जो पार्टी की रीढ़ रहा है। लेकिन 2017 के बाद ब्राह्मणों की शिकायत लगातार बढ़ी है। उन्हें पार्टी और सरकार में उचित सम्मान नहीं मिल रहा। उनकी बात नहीं सुनी जा रही। कुशीनगर के विधायक पीएन पाठक ने ब्राह्मण विधायकों की बैठक में कर्तव्य और अन्याय के खिलाफ खड़े होने की बात कही थी। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष की चेतावनी के बाद खामोशी छा गई।

अब सपा इस नाराजगी को अपना हथियार बना रही है। उसके ब्राह्मण नेता लगातार योगी सरकार पर हमलावर हैं। कांग्रेस भी पीछे नहीं। ब्राह्मण समाज के संगठन खुलकर कह रहे हैं कि भाजपा ने उन्हें सिर्फ वोट बैंक समझा है लेकिन सम्मान नहीं दिया। ठाकुर कुर्मी लोध जैसे अन्य समुदायों की बैठकें बिना किसी रोक टोक के हो जाती हैं लेकिन ब्राह्मणों की बैठक पर तुरंत नोटिस। परीक्षा का सवाल पंडित को अवसरवादी बताता है। फिल्म का नाम घूसखोर पंडित रखा जाता है। माघ मेले में बटुकों के साथ बदसलूकी। यूजीसी नियम सामान्य वर्ग को निशाना बनाते हैं। ये सारे मुद्दे एक साथ जुड़कर ब्राह्मणों को यह अहसास दिला रहे हैं कि उनकी उपेक्षा हो रही है।2027 के चुनाव में अगर ब्राह्मण वोट में सिर्फ पांच प्रतिशत भी कमी आई तो भाजपा के कई सीटों पर असर पड़ सकता है। खासकर उन क्षेत्रों में जहां ब्राह्मण निर्णायक भूमिका में हैं। पार्टी के अंदर भी ब्राह्मण नेता चुपचाप असंतोष जता रहे हैं। लेकिन ऊपर से कोई भी खुलकर नहीं बोल रहा। सरकार को अब सिर्फ निर्देश जारी करने से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाने होंगे। ब्राह्मण संगठनों से संवाद बढ़ाना होगा। परीक्षा बोर्डों में सख्त निगरानी करनी होगी। फिल्म और मीडिया में जाति आधारित अपमान को रोकने के लिए कानूनी प्रावधान मजबूत करने होंगे। यूजीसी जैसे मुद्दों पर संवेदनशीलता दिखानी होगी। ब्राह्मण समाज सदियों से ज्ञान विज्ञान और संस्कृति का संरक्षक रहा है। अवसरवादी या घूसखोर जैसे शब्दों से उसे जोड़ा जाना न सिर्फ गलत है बल्कि खतरनाक भी। योगी सरकार ने विकास और कानून व्यवस्था पर जोर दिया है लेकिन अगर सामाजिक संतुलन बिगड़ गया तो पूरा प्रयास प्रभावित हो सकता है। ब्राह्मण नाराजगी अब सिर्फ भावनात्मक मुद्दा नहीं रह गया है। यह सियासी गणित का हिस्सा बन चुका है। अगर सरकार ने समय रहते इसे समझा और ठीक किया तो 2027 में यह खतरा टल सकता है। वरना यह बादल और घने होते जाएंगे और चुनावी मैदान में भारी पड़ सकते हैं। ब्राह्मण समाज की आवाज अब सिर्फ चेतावनी नहीं बल्कि चेतावनी का अलार्म बन चुकी है। सरकार को इसे अनसुना नहीं करना चाहिए।

-वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### पाकिस्तान ने तालिबान के ठिकानों को निशाना बनाया, 400 लोगों की मौत का अफगान सरकार का दावा

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने रात भर 'सटीक हवाई हमले' कर अफगानिस्तान भर में आतंकवादियों और उनके ठिकानों को निशाना बनाया, हालांकि अफगान सरकार ने इस्लामाबाद पर काबुल में एक पुनर्वास अस्पताल पर बमबारी करने का आरोप लगाया, जिसमें कम से कम 400 लोग मारे गए। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान के इस दावे को खारिज कर दिया कि सोमवार रात के उसके हवाई हमलों में काबुल में स्थित नशामुक्ति पुनर्वास केंद्र को निशाना बनाया गया था। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार, ये नए हमले 26 फरवरी को शुरू किए गए ऑपरेशन 'गजब-लिल-हक' के जारी रहने के दौरान हुए हैं। पाकिस्तान ने 2,600 किलोमीटर लंबी सीमा पर अफ़गान तालिबान बलों द्वारा कथित हमलों के जवाब में यह ऑपरेशन शुरू किया था। सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पाकिस्तान के सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन गजब-लिल-हक के तहत 16 मार्च की रात काबुल और नंगरहार में अफ़गान तालिबान शासन के आतंकवाद समर्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए सटीक हवाई हमले किए।'

### होर्मुज सुरक्षा के मिशन में शामिल होने का मेरा प्रस्ताव नाटो, अधिकतर सहयोगियों ने खारिज किया : ट्रंप

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि नाटो और अधिकतर अन्य सहयोगी देशों ने ईरान के साथ युद्ध जारी रहने के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने में मदद करने के उनके आह्वान को खारिज कर दिया है। महत्वपूर्ण जलमार्ग की सुरक्षा में मदद करने के लिए सहयोगियों पर दबाव डाल रहे ट्रंप ने आक्रोश व्यक्त किया कि अमेरिका को इस तथ्य के बावजूद समर्थन नहीं मिल रहा कि 'लगभग हर देश हमारे द्वारा किए जा रहे कार्यों से दृढ़ता से सहमत है, और ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।' खाड़ी देशों पर ईरान के हमले और होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसकी पकड़ से वैश्विक ऊर्जा संकट संबंधी चिंताएं पैदा हुई हैं और विश्व अर्थव्यवस्था के लिए परेशानी खड़ी हो रही है। जलडमरूमध्य से कुछ ही जहाज गुजरे हैं, और ईरान का कहना है कि यह महत्वपूर्ण जलमार्ग तकनीकी रूप से खुला है, लेकिन अमेरिका, इज़राइल और उनके सहयोगियों के लिए नहीं। युद्ध शुरू होने के बाद से लगभग 20 जहाजों पर हमले हुए हैं। तेल की कीमतों में वृद्धि के साथ, ट्रंप ने कहा कि उन्होंने लगभग आधा दर्जन देशों से युद्धपोत भेजने की मांग की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर सकें। लेकिन ट्रंप की अपील पर किसी देश की तत्काल कोई प्रतिबद्धता नहीं आई है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 मार्च, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 08:23 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 06:00 तक, योग : साध्य, 06:14 तक, सूर्योदय: 05:44, सूर्यास्त: 17:46, चन्द्रोदय : 05:03, चन्द्रास्त: 17:10, शक सम्वतः 1943 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 11:44 से 13:14

## राशिफल

**मेष :** ग्यारहवें भाव में वक्री बुद्धदेव का प्रभाव होने से आज तकनीकी उलझनों को सुलझाने में समय लग सकता है। किसी को भी महत्वपूर्ण ईमेल या संदेश भेजने से पहले उसकी दो बार जांच अवश्य करें।

**वृष :** दिन के पहले भाग में अपनी पुरानी पेशेवर गलतियों को सुधारने और अधूरे प्रोजेक्ट्स को बेहतर बनाने पर पूरा जोर दें। वक्री काल के दौरान नए कॉन्ट्रैक्ट्स पर हस्ताक्षर करने में जल्दीबाजी न करें।

**मिथुन :** आज सुबह कानूनी दस्तावेज या करियर से जुड़ी बारीकियों की गहराई से जांच कर लें। वक्री बुधदेव के प्रभाव के कारण कोई भी बड़ा पेशेवर निर्णय लेना उचित नहीं होगा।

**कर्क :** सुबह के समय पुराने रिकॉर्ड्स को अपडेट करें और लंबित कार्यों को निपटाने में समय बिताएं। दोपहर के बाद आपका दृष्टिकोण व्यापक होगा। बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

**सिंह :** आज की सुबह ग्राहकों या क्लाइंट्स के साथ बातचीत के लिए अच्छी है, लेकिन बारिक जानकारी को दोबारा जांचना ना भूलें। व्यावसायिक सहयोग की सलाह को ध्यान से सुनें।

**कन्या :** सुबह का समय तकनीकी खराबियों को सुधारने या संगठनात्मक कार्यों को निपटाने के लिए बेहतर है। नए सौदे पर हस्ताक्षर करने में देर करना ही बुद्धिमनी होगी।

**तुला :** आज की सुबह नए विचारों के मंथन के लिए अच्छी है, लेकिन कोई नया प्रोजेक्ट अभी शुरू न करें। शाम को डिटेल्स पर ध्यान देना ही सफलता दिलाएगा।

**वृश्चिक :** सुबह ऑफिस लॉजिस्टिक्स या रिमोट वर्क से जुड़े कार्यों को संभालें। शाम को आपकी सफलता, रचनात्मक सूझ-बूझ पर निर्भर करेगी। अधिकारियों के साथ पेशेवर तालमेल बना रहेगा।

**धनु :** नेतृत्व करने के लिए दिन अच्छा है, लेकिन संचार माध्यमों में तकनीकी खराबी के प्रति सतर्क रहें। सुबह ईमेल और अल्पकालिक कार्य निपटाने के लिए अच्छी है।

**मकर :** पेशेवर प्रतिष्ठा और कड़ी मेहनत आपको विशेष परिस्थितियों से बचा लेगी। सुबह के समय बजट ऑडिट करें, लेकिन गणनाओं को दोबारा जांच लें।

**कुम्भ :** कार्यक्षेत्र में आप चर्चा का केंद्र रहेंगे, लेकिन अपनी राशि में वक्री बुद्धदेव के कारण संवाद में बहुत सावधानियां बरतने की जरुरत है। सुबह व्यक्तिगत कार्य निपटाएं।

**मीन :** सुबह का समय रिसर्च और बैकएंड कार्यों के लिए श्रेष्ठ है। शाम को आपकी सफलता व्यक्तिगत नेतृत्व और अनुशासन पर निर्भर करेगी। वक्री बुध के कारण अपनी आत्म-प्रस्तुति में सुधार करें।

## वर्ग पहेली नं. 3382

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | ■ | |
| 24 | | ■ | 25 | 26 | ■ | ■ | 27 | | |
| | ■ | 28 | | | ■ | 29 | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) तैयार, 4) बाधा, 7) निगलना, 9) स्वर्ग, 10) उपहार; निगाह, 11) वसा, 13) एक नशीला तरल पदार्थ, 14) जल्दबाज़ी; भगदड़, 16) इच्छारहित, 18) बारी, 19) मुलायम, 20) नाजुक हालत; मुसीबत, 22) पैरगाड़ी, 23) एक धर्मसंस्थापक, 24) ख़्याल; विचार, 25) एक मेवा, 27) घेरा; उलझन, 28) न्यूनता, 29) चुप्पी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बरदाश्त, 2) एक जलचर, 3) जलथल सीमा-भूमि, 4) एक दानेदार फल, 5) विद्युतपात, 6) आदित्य-वार, 8) कूड़ाकरकट, 12) रोग, 15) संपत्ति का स्वामी, 17) मूल्यकटौती, 18) झूला; हिंडोला, 19) भारत में एक शहर, 20) एकत्रीकरण, 21) स्वस्थ, 22) शक्ति; योग्यता; अधिकार, 26) चमेली की तरह का फूलोंवाला एक पौधा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | क़ | ब | रा | ■ | शा | ली | न | ■ | स |
| ■ | ■ | च | म | च | म | ■ | फ़ा | य | दा |
| सु | ख़ | त | ■ | क | त | ला | ■ | म | स |
| प्र | ■ | ■ | ह | वा | ■ | ल | हू | ■ | र्व |
| भा | ग | दौ | ड़ | ■ | पा | पी | ■ | वि | दा |
| त | र | ■ | ब | [illegible] | ■ | ला | द | ना | ■ |
| ■ | म | क | ड़ी | ■ | दाँ | ■ | य | श | स्वी |
| बी | ■ | ब | ■ | दे | व | रा | नी | ■ | ■ |
| ज | वा | ब | दे | ह | ■ | त | य | शु | दा |

## सुडोकू-पहेली-3340

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 9 | | 1 | | |
| 7 | 3 | | | 6 | | | | |
| | | 8 | | | 2 | | | |
| | | | | | 1 | | | 4 |
| | | | | | | | 8 | 3 |
| | | | 3 | | | 5 | | |
| 1 | | | 7 | 3 | | | | 9 |
| | | 5 | | | | | 4 | 1 |
| | 7 | | | | | | | 2 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3339 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 2 | 1 | 4 | 5 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 3 |
| 1 | 3 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 |

# तीर्थयात्रियों की रिकॉर्ड संख्या बेहतर सुविधाओं और बढ़ते विश्वास की प्रतीक : आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि राज्य में धार्मिक स्थलों पर आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में हो रही वृद्धि बेहतर मूलभूत ढांचे और जनता के गहरे होते विश्वास को जाहिर करने के साथ-साथ सरकार के लिए चुनौतियां और अवसर भी पेश करती है। मुख्यमंत्री ने कैलाश मानसरोवर यात्रा के 555 तीर्थयात्रियों में से प्रत्येक को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता वितरित करने के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि पहले संसाधनों की कमी के कारण केवल सीमित संख्या में ही श्रद्धालु ऐसी यात्राएं कर पाते थे लेकिन अब हालात काफी बदल गये हैं। उन्होंने कहा, एक समय था जब संसाधन सीमित थे और केवल सीमित संख्या में ही श्रद्धालु यात्रा कर पाते थे। आज उत्तर प्रदेश में सुविधाएं बेहतर हुई हैं और आप देख सकते हैं कि कितनी बड़ी संख्या में लोग यहां आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि साल 2025 में राज्य भर के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर लगभग 164 करोड़ तीर्थयात्री आए जिनमें से अकेले प्रयागराज महाकुंभ में ही 66 करोड़ श्रद्धालु शामिल थे। उन्होंने बताया कि वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में राम जन्मभूमि और मथुरा-वृंदावन जैसे स्थानों पर करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। आदित्यनाथ ने कहा, इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन एक अवसर भी है और एक चुनौती भी। सरकार बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। चाहे वह कनेक्टिविटी हो, मूलभूत सुविधाएं हों, या तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए की गई अन्य व्यवस्थाएं हों। मुख्यमंत्री ने साल 2017-18 में गाजियाबाद में 'कैलाश मानसरोवर भवन' के निर्माण का भी जिक्र किया और कहा कि यह उन तीर्थयात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा केंद्र के रूप में कार्य करता है जो यात्रा से संबंधित अपनी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए यहां आते हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान चिकित्सा और अन्य सुविधाओं को लेकर जताई गई चिंताओं के बारे में आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए केंद्र के साथ समन्वय करेगी। उन्होंने कहा, आप अपने सुझाव दे सकते हैं। हम आने वाले समय में गाजियाबाद में ही बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय कर प्रयास करेंगे। कैलाश मानसरोवर यात्रा से लौटे तीर्थयात्रियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कठिनाइयों, चुनौतियों और प्रतिकूल प्राकृतिक परिस्थितियों के बीच इस यात्रा को पूरा करना एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव है।



योगी आदित्यनाथ ने विंध्याचल मंदिर में पूजा-अर्चना की

## नीतीश कुमार ने 171 करोड़ रुपये की 88 योजनाओं का किया उद्घाटन एव शिलान्यास, विपक्ष पर साधा निशाना



**भागलपुर:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को अपनी 'समृद्धि यात्रा' के दौरान भागलपुर जिले के जगदीशपुर स्थित बैजानी पंचायत में 171 करोड़ रुपये की लागत से 88 विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कुमार ने इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और विपक्ष पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के अनुसार कुमार ने भागलपुर-बौंसी रेल लाइन पर निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज का निरीक्षण किया और अधिकारियों से परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2005 से पहले राज्य में 'जंगलराज' की स्थिति थी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि उस समय लोग शाम के बाद घर से निकलने में डरते थे और महिलाएं असुरक्षित महसूस करती थीं, जबकि कानून-व्यवस्था की स्थिति भी अत्यंत खराब थी। कुमार ने दावा किया कि उनकी सरकार ने राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई गई और बाद में मंदिरों की भी चहारदीवारी कराई गई, जिससे भूमि विवाद समाप्त हुए और प्रदेश में शांति कायम हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के गांवों को सड़कों और पुल-पुलियों के माध्यम से शहरों से जोड़ा गया है, जिससे आवागमन में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि बिहार के हर गांव तक बिजली पहुंचाई गई है और अब सरकार छतों पर मुफ्त सौर पैनल लगाने की योजना भी चला रही है।

## आरपीएफ ने चंदौली में छह नाबालिगों को मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराया, आरोपी गिरफ्तार

**चंदौली (उप्र):** चंदौली जिले में दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) जंक्शन के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) व बचपन बचाओ आंदोलन की साझा टीम ने छह नाबालिग बच्चों को एक मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, इन बच्चों के माता-पिता को पैसों का लालच देकर इन्हें मजदूरी कराने के लिए एक ट्रेन से ले जाया जा रहा था। आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप रावत ने बताया कि सोमवार की शाम जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर-7 पर गाड़ी संख्या 22948 (भागलपुर-सूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस) की नियमित जांच के दौरान जनरल कोच से दिनेश मंडल नाम के आरोपी को इन बच्चों को अपने साथ ले जाते हुए पकड़ा गया। रावत ने बताया कि बच्चों से बात करने पर तस्कर के बारे में खुलासा हुआ। आरोपी और मुक्त कराए गए बच्चे झारखंड के गोड्डा जिले के निवासी हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बच्चों से यह पता चला कि गिरफ्तार दिनेश मंडल इन्हें अपने खर्चे पर गोड्डा से भागलपुर लाने के बाद इन्हें इस ट्रेन से वड़ोदरा ले जा रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने वहां पहुंचने के बाद बाल मजदूरों को एक सोलर संयंत्र में रोज 12 घंटे मजदूरी के बदले प्रतिमाह 18 हजार रुपये देने की बात कही थी।



## राजस्थान के हनुमानगढ़ में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत



**जयपुर:** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में मंगलवार सुबह सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रावतसर के उपखंड अधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार ने बताया कि सुबह लगभग सात बजे बरमसर गांव के पास यात्री बस एक अन्य वाहन से टकरा गई। यह बस गंगानगर से जयपुर आ रही थी और सामने से आ रहे एक भारी वाहन से टकरा गई। उन्होंने बताया कि हादसे में बस में सवार पांच लोगों की मौत हो गई। तीन घायलों को हनुमानगढ़ रैफर किया गया है। वहीं चार-पांच लोगों का स्थानीय अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और मृतकों की पहचान की जा रही है।

## मुख्तार अंसारी के भाई की अचल संपत्ति की कुर्की रद्द

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के रिश्ते के भाई की गाजीपुर में स्थित अचल संपत्ति की कुर्की का आदेश रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार किसी अपराध और कुर्क संपत्ति के बीच कोई संबंध स्थापित करने में विफल रही। मंसूर अंसारी की आपराधिक अपील स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने स्पष्ट किया कि सरकार महज निराधार आरोपों या महज इसलिए कि एक व्यक्ति कुख्यात गैंगस्टर से जुड़ा है, इसके आधार पर गैंगस्टर अधिनियम के तहत संपत्ति जब्त नहीं कर सकती। इससे पूर्व, गाजीपुर के विशेष न्यायाधीश ने पुलिस की एक रिपोर्ट में लगाए गए इस आरोप के आधार पर कि उक्त संपत्ति दिवंगत मुख्तार अंसारी की बेनामी संपत्ति है।

## विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही कांशीराम जयंती मना रही हैं दलित विरोधी पार्टियां सपा, कांग्रेस: मायावती



**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन पर दलित विरोधी राजनीति में लिप्त होने और बसपा संस्थापक कांशीराम की विरासत का चुनावी लाभ के लिए लाभ उठाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ, सपा और कांग्रेस दलित वोट के स्वार्थ में एक सोची-समझी रणनीति के तहत कांशीराम की जयंती मना रही हैं। उन्होंने कांग्रेस पर यह कहते हुए निशाना साधा कि कांग्रेस पार्टी केन्द्र में अपनी सरकार रहने के दौरान कांशीराम को 'भारतरत्न' की उपाधि नहीं दी और अब दूसरी पार्टी की सरकार से देने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा, 'यह हास्यास्पद नहीं है तो क्या है?'

## उत्तर प्रदेश के 17 नगर निगमों में 170 पार्षद मनोनीत, भाजपा नेताओं ने बधाई दी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के 17 नगर निगमों समेत नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों में सदस्यों को नामित किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए मनोनीत सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शासन से सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य के प्रत्येक नगर निगमों में 10-10 पार्षद मनोनीत किये गये हैं। इस तरह नगर निगमों में कुल 170 पार्षद मनोनीत किये गये हैं। राज्य के नगर निगमों में मुरादाबाद, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर, आगरा, मथुरा-वृंदावन, फिरोजाबाद, अलीगढ़, बरेली, शाहजहांपुर, कानपुर, झांसी, लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज और गोरखपुर में 10-10 पार्षदों को मनोनीत किया गया है। राज्य में करीब 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतें हैं, जिनमें भी सदस्यों को नामित किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उप्र इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा, 'उत्तर प्रदेश के नगर निकायों में मनोनीत सभी पार्षदों को हार्दिक बधाई। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सब राष्ट्रसेवा के संकल्प और समर्पण के साथ अपने-अपने क्षेत्रों के विकास तथा जनसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।' उन्होंने कहा, 'हम सभी मिलकर संगठन को नयी ऊर्जा प्रदान करते हुए प्रदेश और राष्ट्र की सेवा के संकल्प को और सशक्त बनाएंगे।' चौधरी ने कहा, 'भाजपा उत्तर प्रदेश एक परिवार के रूप में प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जनहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## मोतिहारी में मुठभेड़ में एसटीएफ जवान और दो गैंगस्टर की मौत, पटना में पांच अपराधी गिरफ्तार



**मोतिहारी/पटना:** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में मंगलवार को एक मुठभेड़ में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के एक कर्मी की मौत हो गयी और दो गैंगस्टर भी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह मुठभेड़ मंगलवार तड़के जिले के चकिया इलाके में हुई। मुठभेड़ में जान गंवाने वाले एसटीएफ जवान की पहचान श्रीराम यादव के रूप में की गई है। मुठभेड़ में मारे गए दो अपराधियों की पहचान कुंदन ठाकुर और उसके सहयोगी प्रियांशु कुमार के रूप में हुई है। ठाकुर शस्त्र अधिनियम के कई मामलों में वांछित था। जिला पुलिस द्वारा मंगलवार को जारी बयान में कहा गया, ''एक गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ और जिला पुलिस की टीम मंगलवार तड़के चकिया इलाके के एक स्थान पर पहुंची, जहां कुंदन ठाकुर और उसके सहयोगी छिपे हुए थे। पुलिस टीम को देखते ही ठाकुर और उसके साथियों ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर गोलियां भी चलायीं। इस दौरान एसटीएफ जवान श्रीराम यादव को गोली लग गई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।'' बयान में कहा गया है कि सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में कुंदन ठाकुर और प्रियांशु कुमार को गोली लगी और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि उनके दो अन्य साथियों उज्ज्वल कुमार तिवारी और संत कुमार तिवारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उनके पास से एक कार्बाइन, दो पिस्तौल, दो देसी कट्टे, एक रिवॉल्वर और पांच कारतूस बरामद किए हैं।

## बिहार में 2016 से अब तक जहरीली शराब से 354 लोगों की मौत : अधिकारी

**पटना:** बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बाद से अब तक जहरीली शराब के सेवन से 354 लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बिहार पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, वर्ष 2026 (मार्च तक) में शराब की औसत मासिक बरामदगी में 2025 की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के तहत राज्य में शराब और अन्य नशीले पदार्थों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और सेवन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लागू है। मद्यनिषेध एवं राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो के एडीजी अमित कुमार जैन ने संवाददाताओं से कहा, शराबबंदी लागू होने के बाद से अब तक बिहार में जहरीली शराब के सेवन से 354 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में समस्तीपुर में एक व्यक्ति की मौत हुई थी, जबकि पिछले एक सप्ताह में सारण जिले में जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत होने की आशंका है। जैन ने कहा, वर्ष 2026 के शुरुआती दो महीनों में शराब की औसत मासिक बरामदगी 3,70,684 लीटर रही, जो 2025 के 3,14,610 लीटर की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है। वहीं 2024 में यह आंकड़ा लगभग 2,88,425 लीटर था, जो 2025 की तुलना में नौ प्रतिशत कम था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 और 2025 में बिहार पुलिस द्वारा कुल क्रमशः 34,61,096 लीटर और 37,75,321 लीटर शराब जब्त की गई, जबकि 2026 के शुरुआती दो महीनों में 7,41,368 लीटर शराब बरामद की गई है। जैन ने कहा कि राज्य के भीतर शराब की बरामदगी के अलावा बिहार पुलिस की मद्यनिषेध इकाई अंतरराज्यीय छापेमारी भी करती है। उन्होंने बताया, इस वर्ष के पहले दो महीनों में पुलिस की मद्यनिषेध इकाई ने राज्य के बाहर तीन जगहों पर छापेमारी की-दो उत्तर प्रदेश में और एक झारखंड में।



## गोरखपुर में पार्षद के पूर्व सहायक की चाकू मारकर हत्या

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर जिले के चिलुआताल थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुबह की पार्षद के एक पूर्व सहायक की अज्ञात हमलावरों ने कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हमले के समय पार्षद के पूर्व प्रतिनिधि टहलने निकले थे। इस बीच राज्य में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस मामले को लेकर भाजपा नीत सरकार पर सवाल उठाए हैं।

## झारखंड के गोड्डा में जादू टोने के संदेह में आदिवासी दंपति और उनके बेटे की हत्या

**गोड्डा (झारखंड):** झारखंड के गोड्डा जिले में जादू टोना करने के संदेह में एक आदिवासी दंपति और उनके नाबालिग बेटे की कथित तौर पर उनके रिश्तेदारों ने कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह घटना सोमवार देर रात देवदानर पुलिस थाना क्षेत्र के डांगा टोला में हुई और पुलिस ने मंगलवार को शव बरामद किए। गोड्डा के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अशोक रविदास ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'गोड्डा के डांगा टोला में एक आदिवासी दंपति और उनके नाबालिग बेटे की हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पीड़ितों की हत्या जादू-टोना करने के संदेह में की गई।' उन्होंने बताया कि इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

## बिहार : पटना में नारकोटिक्स टीम पर हमला, एक गिरफ्तार

**पटना:** बिहार की राजधानी पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र में मंगलवार को नारकोटिक्स टीम पर करीब 100 लोगों की भीड़ ने हमला कर दिया, जिसके बाद पुलिस को आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार यह घटना पूर्वाह्न करीब 11:45 बजे की है, जब पुलिस अवर निरीक्षक राहुल देव के नेतृत्व में नारकोटिक्स टीम चीनाकोटी मोहल्ले में छापेमारी के लिए पहुंची थी। इसी दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ ने पुलिस दल पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आत्मरक्षा में दो राउंड गोलियां चलाईं। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आकाश धागड़ (25) को हिरासत में लिया है। उसके पास से 54 पुड़िया स्मैक और 6,700 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। इस घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (विधि-व्यवस्था) मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों के अनुसार, मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है और विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है।

## बलिया में दोहरे हत्याकांड में आठ दोषियों को आजीवन कारावास और पांच को 10 साल की कैद

**बलिया (उप्र):** बलिया की एक अदालत ने एक चारदीवारी के सीमांकन को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प में दो लोगों की हत्या के करीब 10 साल पुराने मामले में दोनों पक्षों के 13 लोगों को दोषी करार दिया है। अभियोजन विभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि अदालत ने एक पक्ष के आठ लोगों को आजीवन कारावास तथा दूसरे पक्ष के पांच लोगों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि जिला न्यायाधीश अनिल कुमार झा की अदालत ने सोमवार को मुकदमे की सुनवाई पूरी करने और दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद एक पक्ष के आरोपी सुनील राय, आशुतोष राय, आनन्द राय, चंदन राय, अश्विनी राय, सोनू राय, प्रकाश राय और आलोक राय को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी और उन पर संयुक्त रूप से 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। सिंह ने बताया कि जिला न्यायाधीश ने सोमवार को ही दूसरे पक्ष के रिपुंजय राय, नीरज राय, गिरिजा किशोर राय, राजेंद्र राय और रजनीश राय को दोषी करार देते हुए 10-10 साल के कारावास की सजा सुनायी और उन पर 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।


## न्यूज अपडेट

### 'जल जीवन मिशन 2.0' के तहत एमओयू करने वाला देश का पहला राज्य बना राजस्थान

**जयपुर:** राजस्थान ने 'हर घर जल' के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'जल जीवन मिशन 2.0' के तहत नए दिशा-निर्देश के अनुसार केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इस एमओयू पर मंगलवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए इस योजना के लिए केंद्र से अनुमति का अनुरोध किया था, जिसके बाद एमओयू पर हस्ताक्षर संभव हो सका। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और इस पहल से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### राजस्थान में पांच साल में रोजगार कार्यालयों के जरिए कोई सरकारी नौकरी नहीं मिली: आरटीआई

**जयपुर:** राजस्थान के रोजगार कार्यालयों में इस समय 22 लाख से अधिक बेरोजगार युवा पंजीकृत हैं। यह जानकारी सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत मांगी गई सूचना से मिली है। इसके अनुसार विगत पांच वर्षों में रोजगार कार्यालयों द्वारा सरकारी क्षेत्र में कोई भी रोजगार प्रदान नहीं किया गया है। रोजगार निदेशालय द्वारा दी गई जानकारी से पता चलता है कि 14 जनवरी 2026 तक राज्य के जिला रोजगार कार्यालयों में कुल 22,21,317 उम्मीदवार रोजगार चाहने वालों के तौर पर पंजीकृत थे। इसके अनुसार इनमें से 13.08 लाख से अधिक पुरुष, लगभग 9.12 लाख महिलाएं और 989 'अन्य' श्रेणी के हैं। निदेशालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार जिलावार विश्लेषण किया जाए तो इस अवधि में जयपुर में सबसे ज्यादा 2.51 लाख बेरोजगार पंजीकृत हैं। उसके बाद अलवर (1.53 लाख), नागौर (1.34 लाख), झुंझुनू (1.22 लाख) और जोधपुर (86,320) का नंबर आता है। इसके उलट जैसलमेर (12,031) और प्रतापगढ़ (14,047) जिले में सबसे कम उम्मीदवार पंजीकृत थे।




### ओमान में हुए ड्रोन हमले में राजस्थान के दो युवकों की मौत



**जयपुर:** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के दौरान ओमान में हुए ड्रोन हमलों में राजस्थान के दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सीकर जिले के खंडेला तहसील क्षेत्र के अगलोई गांव निवासी विक्रम वर्मा पुत्र बनवारी लाल और ब्यावर जिले के रायपुर उपखंड क्षेत्र के लालपुरा गांव निवासी पप्पू सिंह पुत्र देवी सिंह इन हमलों की चपेट में आ गए। पुलिस ने बताया कि घटना 13 मार्च की है। पुलिस ने बताया कि दोनों के शव मंगलवार को उनके गांव लाये गए। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को हवाई मार्ग से जयपुर लाये गए शवों को परिजन अपने-अपने गांव लेकर आए, जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। विक्रम के चाचा सत्यनारायण ने बताया कि विक्रम 23 फरवरी को ओमान गया था और वहां एक निर्माण कंपनी में सड़क बनाने का काम कर रहा था। सत्यनारायण ने बताया कि ओमान में विक्रम के एक रिश्तेदार संजय कुमार वर्मा (विक्रम की मां के मामा) भी इसी कंपनी में काम करते हैं और उन्होंने ही हादसे की सूचना दी थी। पुलिस ने बताया कि ड्रोन हमले से एक दिन पहले विक्रम ने अपने परिजनों से फोन पर बात की थी, जिसमें उसने वहां के हालात को लेकर चिंता जताई थी। पुलिस ने बताया कि विक्रम की तीन बहनें हैं, जिसमें से एक बहन की शादी हो गई है। दोनों युवकों के परिजनों को ढांढस बंधा रहे लोगों की भी आंखें नम हो गईं और हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध नजर आया।

## मां-बेटे की मौत के 24 घंटे बाद महिला के ससुर का शव पोखरे में मिला, दो आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले के गड़वार थानाक्षेत्र के चिलकहर गांव में एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में आग लगने से 22 वर्षीया एक महिला और उसके चार साल के बेटे की दम घुटने से मौत होने की घटना के 24 घंटे बाद मंगलवार को महिला के ससुर का शव एक मंदिर के पोखरे में मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मामले में महिला के पिता की तहरीर पर उसके जेठ, सास और ससुर के विरुद्ध हत्या और आपराधिक साजिश के आरोप में नामजद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार सोमवार तड़के एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में आग लगने के कारण रिंकी (22) व उसके बेटे धीरज (चार) की दम घुटने से मृत्यु हो गई थी। पुलिस के अनुसार इसके साथ ही रिंकी के पति नीरज चौरसिया (24) घायल हो गए थे। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि उसी दुकान में रहने वाले महिला के ससुर झूलन चौरसिया (65) का काफी खोज-बीन के बाद भी पता नहीं चल पाया। उन्होंने बताया कि झूलन के ज्येष्ठ पुत्र पंकज चौरसिया द्वारा मंगलवार को पुलिस को सूचना दी गई कि झूलन चौरसिया का शव गांव के ही शिव मन्दिर पोखरे में पड़ा है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## वाराणसी में गंगा नदी में नाव पर बैठकर बिरयानी खाने के आरोप में 14 लोग गिरफ्तार



**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी पुलिस आयुक्तालय के कोतवाली क्षेत्र में गंगा में नाव पर इफ्तार करने और कथित रूप से बिरयानी खाने का वीडियो सार्वजनिक होने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोतवाली के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विजय प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था, जिसमें गंगा में नाव पर बैठकर कुछ लोग इफ्तार पार्टी करते दिखे। उन्होंने बताया कि वीडियो में यह प्रतीत हो रहा है कि पार्टी में चिकन बिरयानी का सेवन किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार इस मामले में भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रजत जायसवाल की तहरीर पर पुलिस ने इस प्रकरण में अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 298 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना), 299 (धार्मिक मान्यताओं का अपमान करना), 196(1) बी (विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता या घृणा फैलाना), 270 (सार्वजनिक उपद्रव करना) और 279 (लापरवाही से वाहन चलाना) और जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 24 (नदी में प्रदूषणकारी तत्वों को फेंकना) के अंतर्गत मामला दर्ज करके 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# विपक्ष ने जनरल डिब्बों को लेकर झूठा विमर्श गढ़ा, उनके लिए गरीब सिर्फ वोट बैंक: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष पर रेलवे के जनरल और स्लीपर डिब्बों को लेकर फर्जी विमर्श गढ़ने और ''विकास विरोधी'' होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसके लिए गरीब सिर्फ वोट बैंक रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार गरीबों के लिए समर्पित होकर काम करती है। वैष्णव ने वर्ष 2026-27 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि सभी ट्रेनों में जनरल और स्लीपर डिब्बों की संख्या कुल डिब्बों का 70 प्रतिशत है। उन्होंने तीन चुनावी राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल



के सत्तारूढ़ दलों को मंगलवार को ''विकास विरोधी'' करार देते हुए कहा कि इन्होंने इन प्रदेशों में रेलवे परियोजनाओं को अवरुद्ध कर रखा है। इन तीनों प्रदेशों तथा असम और पुडुचेरी में अगले महीने विधानसभा चुनाव होना है। मंत्री के जवाब के बाद, सदन ने रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों को कई विपक्षी सदस्यों के कटौती प्रस्तावों को खारिज करते हुए ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान कर दी। चर्चा में, 210 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। वैष्णव ने अपने जवाब में कहा, ''कई सांसदों ने फर्जी विमर्श गढ़ने की कोशिश की। आज भी जनरल और स्लीपर डिब्बों की संख्या कुल डिब्बों का 70 प्रतिशत है... हमारी प्रतिबद्धता गरीबों के प्रति है। यह हर कार्यक्रम में दिखाई देता है।''

### रेलवे की वित्तीय हालत सुधरी, रिकॉर्ड बजट आवंटन का सभी राज्यों को मिलेगा लाभ

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि रेल बजट को आम बजट में शामिल करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फैसले के कारण भारतीय रेल की वित्तीय हालत सुधरी है तथा परियोजनाओं में पारदर्शिता आई है। वैष्णव ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए रेल मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि बजट में रेलवे को हुए रिकॉर्ड आवंटन का लाभ देश के प्रत्येक राज्य को मिलेगा। रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 साल पहले रेलवे बजट को आम बजट के साथ मिलाने का जो निर्णय लिया था, उसका फायदा रेलवे को अब भी मिल रहा है और आगे भी मिलता रहेगा।

## अगले 5 साल में देश भर में 10 अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना की जाएगी : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि अगले पांच साल में देश भर में 10 अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना की जाएगी और इसके स्थानों के बारे में ''आवश्यकता और योग्यता'' के आधार पर फैसला किया जाएगा। आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। माकपा सदस्य जॉन ब्रिटास ने सवाल किया था कि 2026-27 के बजट में देशभर में तीन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (आया) की स्थापना की घोषणा की गई है और क्या उनमें से किसी एक संस्थान की स्थापना केरल में की जाएगी।

## अदालत ने दिया हरदीप पुरी की बेटी को एप्स्टीन से जोड़ने वाली सोशल मीडिया सामग्री हटाने का निर्देश

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी को दोषी अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से जोड़ने वाली सोशल मीडिया सामग्री को 24 घंटे के भीतर हटाने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्णा ने उपयोगकर्ताओं को सोशल मीडिया मंचों पर किसी भी तरह से ऐसी सामग्री प्रकाशित या प्रसारित करने से भी रोका। हिमायनी पुरी द्वारा दायर एक मुकदमे की सुनवाई कर रहीं न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि यदि सोशल मीडिया उपयोगकर्ता पोस्ट नहीं हटाते हैं, तो मंच ऐसी सामग्री को हटा देंगे या उस (सामग्री) तक पहुंच को अवरुद्ध कर देंगे।

## नोटिस दिए बिना तोड़फोड़ नहीं होगी: उत्तम नगर मामले में एमसीडी का दिल्ली उच्च न्यायालय को आश्वासन

**नयी दिल्ली :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि वह होली के दिन उत्तम नगर में हुई झड़प के दौरान 26 वर्षीय व्यक्ति की मौत के मामले में कथित रूप से शामिल व्यक्तियों के घरों में अनधिकृत निर्माण को उचित नोटिस दिए बगैर नहीं ढहाएगा। एमसीडी ने एक आरोपी इमरान की मां जरीना और शहनाज नामक महिला की याचिकाओं पर न्यायमूर्ति अमित बंसल के समक्ष एक बयान दिया। इन याचिकाओं में दोनों महिलाओं ने अपने-अपने घर ढहाए जाने की आशंका जताई है। शहनाज के बेटे से पुलिस ने इस मामले में पूछताछ की है।

## कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस-वोटिंग' के लिए ओडिशा के तीन विधायकों को निलंबित किया

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में विपक्षी दल कांग्रेस ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के पक्ष में मतदान करने और उन्हें राज्यसभा चुनाव जीतने में मदद करने के लिए अपने तीन विधायकों को मंगलवार को निलंबित कर दिया। पार्टी ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इन विधायकों में सनाखेमुंडी के रमेश चंद्र जेना, मोहना के दशरथी गोमांगो और बाराबती-कटक की सोफिया फिरदौस शामिल हैं। पार्टी के अनुसार, इन विधायकों ने सोमवार को राज्यसभा चुनाव के दौरान राय के पक्ष में वोट दिया था।

## अब फिल्म कलाकार भी रेल में सफर करते हैं और सेल्फी खिंचवाते हैं: रवि किशन



**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवींद्र शुक्ला उर्फ रवि किशन ने मंगलवार को कहा कि अब फिल्म कलाकार भी ट्रेनों में यात्रा करते हैं और 'सेल्फी' खिंचवाते हैं। फिल्म जगत से जुड़े रवि किशन ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए रेल मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में आज भारतीय रेल नयी ऊर्जा और नयी दिशा के साथ आगे बढ़ रही है। रवि किशन ने कहा, ''अब बॉलीवुड के अनगिनत कलाकार रेल में सफर करते हैं और सेल्फी खिंचवाकर गर्व महसूस करते हैं। यह वही भारत है जब फिल्म कलाकार ट्रेनों से यात्रा नहीं करते थे क्योंकि उन्हें सारी सुविधाएं नहीं मिलती थीं।'' उन्होंने गोरखपुर रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे 500 करोड़ रुपये की लागत से एक पांच-सितारा परिसर की तरह विकसित किया जा रहा है। रवि किशन ने सरकार से मांग की कि गोरखपुर स्टेशन पर चौरी-चौरा आंदोलन के शहीदों की स्मृति में शहीद गैलरी का निर्माण किया जाए और गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा लगाई जाए।

## आम आदमी पार्टी 2027 में पंजाब में फिर से सरकार बनाएगी : मुख्यमंत्री मान



**धुरी :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर राज्य में सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने दावा किया कि आप सरकार ने अपने चार साल के शासनकाल में सभी वादों को पूरा किया है, जिसके कारण विपक्ष के पास जनता से संबंधित कोई मुद्दा नहीं बचा है। मान ने कहा कि जहां विपक्ष अपने शासनकाल के दौरान पंजाब को 'लूटने' के बाद सत्ता हासिल करने के लिए संघर्ष में व्यस्त है, वहीं उनकी सरकार लोगों के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यहां नवनिर्मित उपसंभागीय अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए यह दावा किया। मान ने कहा कि कई जनहितैषी योजनाओं और फैसलों के कारण राज्य में फिर से आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।

## सहारा समूह के जमाकर्ताओं को फरवरी तक लगभग 8,800 करोड़ रुपये वितरित किए गए : शाह



**नयी दिल्ली :** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संसद को बताया कि पिछले महीने तक 'सहारा ग्रुप ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज' के 40 लाख से अधिक जमाकर्ताओं को 8,800 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। शाह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि फरवरी 2026 तक, 'सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल' पर निवेशकों द्वारा 1.45 करोड़ आवेदन और 4.06 करोड़ दावे किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''सहारा सहकारी समितियों के समूह के 40,33,448 निवेशकों को 8,783.55 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है।'' उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में 'रिफंड' प्रक्रिया चलाई जा रही है। शाह ने कहा, ''भुगतान सीधे वास्तविक जमाकर्ताओं के आधार से जुड़े बैंक खाते में किया जाता है।'' वर्तमान में, आधार से जुड़े बैंक खाते के माध्यम से सत्यापित दावों के आधार पर 'सहारा ग्रुप ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज' के प्रत्येक वास्तविक जमाकर्ता को 50,000 रुपये तक का भुगतान किया जा रहा है। जमाकर्ताओं को आवेदन में, किसी भी प्रकार की कमी होने पर अपना आवेदन पुनः जमा करने के लिए कहा गया है। न्यायालय ने आदेश दिया है कि 'सहारा-सेबी रिफंड खाते' से सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार को 5,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि हस्तांतरित की जाए और जमाकर्ताओं को रिफंड के वितरण के लिए 31 दिसंबर 2026 तक का समय दिया गया है।

## लद्दाख की मांगों को लेकर केंद्र से 'सार्थक संवाद' की उम्मीद : वांगचुक



**नयी दिल्ली :** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने जेल से रिहा होने के बाद पहली सार्वजनिक टिप्पणी में मंगलवार को कहा वह इस घटनाक्रम को 'सकारात्मक रूप से' देखना चाहते हैं और आशा करते हैं कि इससे लद्दाख में आंदोलनकारी संगठनों की मांगों पर 'सार्थक संवाद' होगा। वांगचुक ने पत्नी और एचआईएएल की सह-संस्थापक गीतांजलि जे अंगमो के साथ यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लद्दाख में विरोध प्रदर्शन का एकमात्र उद्देश्य रचनात्मक संवाद प्रक्रिया शुरू करना है। जलवायु कार्यकर्ता ने कहा कि बातचीत एक 'समन्वय की प्रक्रिया' है और दोनों पक्षों को 'कुछ रियायतें' देनी होंगी। उन्होंने कहा, ''हमें अदालत में जीत का पूरा भरोसा था, लेकिन जीत ही काफी नहीं थी। मैं एक ऐसा समाधान

## नीता अंबानी को केआईएसएस ह्यूमैनिटेरियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया

**भुवनेश्वर :** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन नीता अंबानी को यहां आयोजित एक समारोह में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (केआईएसएस) ह्यूमैनिटेरियन पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) ने एक बयान में कहा कि श्रीलंका के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मोहन मुनासिंघे ने सोमवार को यहां केआईआईटी व केआईआईएस के संस्थापक अच्युत सामंत की मौजूदगी में पुरस्कार दिया। समारोह में 40 हजार आदिवासी छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने अपने




पारंपरिक नृत्य और प्रस्तुतियों के साथ अंबानी का गर्मजोशी से स्वागत किया। असाधारण मानवतावादी पहलों तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण परिवर्तन, महिलाओं के सशक्तीकरण और खेलों को बढ़ावा देने के लिए रिलायंस फाउंडेशन के माध्यम से समाजिक विकास में अंबानी के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया है। अंबानी ने कहा कि ये दो संस्थान केआईआईटी और केआईआईएस देश के गौरव हैं।

## सनातन के प्रति आस्था का हलफनामा देने वाले गैर हिंदुओं को मंदिर में दर्शन: मंदिर समिति अध्यक्ष

**देहरादून :** बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिर परिसरों में गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक लगाने संबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी देने वाली बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि फिल्म अभिनेत्री सारा अली खान या अन्य कोई गैर हिंदू अगर सनातन के प्रति अपनी आस्था के बारे में हलफनामा देता है तो उसे मंदिरों में दर्शन कराए जाएंगे। द्विवेदी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सनातन धर्म के प्रति आस्था रखने वाले सभी सनातनी हैं और अगर वे इस बारे में हलफनामा देते हैं तो उन सबका बदरीनाथ और केदारनाथ में स्वागत है। उन्होंने कहा, ''जिनकी



(गैर हिंदुओं की) सनातन धर्म के प्रति आस्था होगी और जो लिखेगा कि मैं सनातनी हूं, मैं हिंदुत्व को मानता हूं, उन सबका स्वागत है।'' 'केदारनाथ' फिल्म की अभिनेत्री के बारे में पूछे जाने पर मंदिर समिति के अध्यक्ष ने कहा, ''सारा अली खान अगर कहेंगी कि उनकी सनातन के प्रति आस्था है, भाव है और वह हलफनामा देंगी तो उन्हें दर्शन कराए जाएंगे।''

## सरकार की प्राथमिकता 2033 तक सभी लोगों को स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने की : सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि स्वास्थ्य बीमा इस सरकार की प्राथमिकता है और उम्मीद है कि 2033 तक देश में सभी लोग बीमा के दायरे में आ जाएंगे। वित्त मंत्री ने उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि बीमा क्षेत्र का विस्तार हो रहा है और 2024-25 के दौरान इसने देश में 58 करोड़ लोगों को कवर किया। उन्होंने कहा, ''स्वास्थ्य बीमा इस सरकार की प्राथमिकता है। वास्तव में, हम उम्मीद कर रहे हैं कि 2033 तक सभी को बीमा कवर मिल जाएगा।'' मंत्री ने कहा कि दिसंबर 2025 में, सरकार ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बढ़ाने के लिए एक विधेयक पेश किया, जिसका उद्देश्य बाजार को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि बीमा नियामक आईआरडीएआई ने ग्रामीण क्षेत्रों में पैठ बढ़ाने के लिए 2024 में नियम अधिसूचित किए। वित्त मंत्री ने कहा, ''अगर सामान्य तौर पर बीमा की बात करें, तो हमारे सामने एक चुनौती है।''

## लोकसभा के आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से रद्द

**नयी दिल्ली :** लोकसभा ने मंगलवार को उन आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जिन्हें संसद के वर्तमान बजट सत्र के पहले चरण में सदन की अवमानना के मामले में निलंबित किया गया था। इसके साथ ही, सदन में इस बात पर जोर दिया गया कि सदन के सुचारू रूप से संचालन के लिए सदस्यों के लिए 'लक्ष्मण रेखा' होना जरूरी है। सदन में कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश ने आसन से निलंबन रद्द करने का अनुरोध किया और विपक्षी सदस्यों के आचरण पर खेद भी जताया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने निलंबन खत्म करने का प्रस्ताव सदन में रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दी। कांग्रेस नेता सुरेश ने आठ विपक्षी सदस्यों का निलंबन खत्म करने का आग्रह करते हुए कहा, ''हम आसन के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं...सत्तापक्ष की तरह हमें भी बराबर का मौका मिलना चाहिए।'' समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा, ''सारे सदस्यों की जिम्मेदारी बनती है कि सदन की मर्यादा का पालन करते हुए सदन को चलाएं...सत्तापक्ष के लोग संकल्प लें तभी सदन सुचारू तरीके से चलेगा।'' उनका यह भी कहना था कि सदन के सुचारू संचालन के लिए ''भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को अपना आचरण सुधारना होगा''। इस पर निशिकांत दुबे ने आपत्ति जताई और कहा, ''मैंने जीवन में कभी लोकतंत्र और संसद की मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया है।'' राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, ''देश में एक संदेश जाना चाहिए कि हम एक-दूसरे का सम्मान करते हुए सदन चला रहे हैं और हम सब देश की सेवा के लिए यहां आए हैं।''

## ओडिशा भाजपा के 'भीष्म पितामाह' थे देवेंद्र प्रधान: राजनाथ सिंह



**भुवनेश्वर :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रधान की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'भीष्म पितामह' थे। सिंह ने यहां समाज के विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधान को ओडिशा भाजपा का 'भीष्म पितामह' कहा जाता था क्योंकि वह न केवल एक कुशल रणनीतिकार थे, बल्कि पार्टी की विचारधारा के प्रति पूरी तरह समर्पित भी थे। रक्षा मंत्री ने कहा, ''उन्होंने स्थानीय राजनीति की जटिलताओं के बीच पार्टी का कुशलतापूर्वक मार्गदर्शन किया।'' उन्होंने कहा, ''आज भारतीय जनता पार्टी ओडिशा में लगातार फैल रही है और प्रधान द्वारा रखे गए मजबूत आधार पर आगे बढ़ रही है।'' सिंह ने कहा कि प्रधान तीन बार भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष रहे, और इस दौरान उन्होंने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत किया। उन्होंने कहा, ''वह जुनून के कारण पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सीधे तौर पर संबंध स्थापित करते थे।

## कांग्रेस ने केरल के लिए 55 उम्मीदवार घोषित किए, सतीशन, जोसेफ और मुरलीधरन को टिकट

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने नौ अप्रैल को होने वाले केरल विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 55 उम्मीदवारों की सूची जारी की जिसमें वी डी सतीशन, रमेश चेन्निथला सनी जोसेफ, के. मुरलीधरन और कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। राज्य विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की यह पहली सूची है। पार्टी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन को परावूर से एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है। वह वर्तमान में इसी सीट से विधायक हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं रमेश चेन्निथला और के. मुरलीधरन को क्रमश हरिपद और वट्टीयूरकाउ से उम्मीदवार बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सनी जोसेफ को पेरावूर से टिकट दिया गया है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के विधानसभा क्षेत्र धर्माधम से अब्दुल रशीद को प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी के पुत्र चांडी ओमन को पुथुपल्ली से टिकट दिया गया है। वह वर्तमान में यहां से विधायक हैं। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने मंगलवार को ही केरल के लिए इन उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगाई थी। इस सूची में 19 मौजूदा विधायक शामिल हैं और इसमें वरिष्ठ नेताओं, संगठनात्मक हस्तियों और नए चेहरों का मिश्रण है। इस चरण में उन निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़ दिया गया है जहां अभी भी चर्चा जारी है।


## असम में तूफान के कारण एक व्यक्ति की मौत, 8,000 से अधिक लोग प्रभावित

**गुवाहाटी :** असम में आए तूफान के कारण सोमवार रात से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। तूफान से करीब 8,000 लोग प्रभावित हुए हैं। आधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, मृतक और घायल की सूचना बक्सा जिले से मिली है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि सोमवार रात और मंगलवार तड़के राज्य के कई हिस्सों में तूफान आया। इसमें कहा गया कि 23 जिलों के कुल 577 गांव प्रभावित हुए हैं। प्राधिकरण के अनुसारत्र 21 जिलों से नुकसान की रिपोर्ट मिल चुकी है, जबकि पश्चिम कार्बी आंगलोंग और दीमा हसाओ जिलों से रिपोर्ट का इंतजार है।

## जम्मू और उधमपुर में तीन कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**जम्मू :** जम्मू और उधमपुर जिलों में अलग-अलग स्थानों से एक कुख्यात अपराधी और मादक पदार्थ के दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू के आर एस पुरा इलाके से आगरा चक गांव के निवासी युद्धवीर सिंह उर्फ बबलू को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने कहा, सिंह एक कुख्यात अपराधी है और उसके खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक बड़ी सफलता है। उन्होंने बताया कि उधमपुर जिले के रामनगर इलाके में तलाशी के दौरान मादक पदार्थ के दो तस्करों – राहत अमान और सक्षम ठाकुर – को अलग-अलग स्थानों पर पकड़ा गया और गिरफ्तार किया गया।

## मणिपुर में भारत-म्यांमा सीमा के पास पांच उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल :** मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में भारत-म्यांमा सीमा के पास पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, ये उग्रवादी 'पीआरईपीएके' (पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक, 'केवाईकेएल' (कांगलेई यावोल कन्ना लूप) और 'कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी' (एमएफएल) से जुड़े हैं। ये गिरफ्तारियां रविवार को मोरेह पुलिस थाना क्षेत्र से की गईं। वहीं, एक अलग अभियान में सुरक्षा बलों ने जिले के बोलजांग पहाड़ी क्षेत्र से विस्फोटक और छोटे हथियार बरामद किए। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई वस्तुओं में आठ आईईडी, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल की मैगजीन, एक मोर्टार, दो रेडियो सेट और नौ कारतूस शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि बरामद की गई आईईडी को सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया गया।

# देश में 40 प्रतिशत स्नातकों को नहीं मिल पा रही नौकरी : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** देश में 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 6.3 करोड़ स्नातकों में से 1.1 करोड़ बेरोजगार हैं और स्नातक होने के एक वर्ष के भीतर बहुत कम लोगों को ही निश्चित वेतन वाली नौकरी मिल पाती है। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट 'भारत में कामकाज की स्थिति-2026' में पाया गया कि बेरोजगार के रूप में पंजीकरण कराने के एक वर्ष के भीतर केवल करीब सात प्रतिशत स्नातकों को स्थायी वेतन वाली नौकरी मिल पाती है। रिपोर्ट में कहा गया कि स्नातक बेरोजगारी दर उच्च बनी हुई है। 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग में बेरोजगारी दर करीब 40 प्रतिशत और 25 से 29 वर्ष आयु वर्ग में 20 प्रतिशत है। इसमें कहा गया, '' स्नातक होने के एक वर्ष के भीतर केवल एक छोटा हिस्सा ही स्थायी वेतन वाली नौकरी



हासिल कर पाता है। हाल के वर्षों में स्नातकों की बढ़ती संख्या के कारण यह समस्या और बढ़ गई है।'' रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कुछ दशकों में युवा आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और उच्च शिक्षा में नामांकन दर भी बढ़ी है जिससे युवा स्नातकों की कुल संख्या में वृद्धि हुई है। इसमें कहा गया, ''इस स्थिति से उच्च बेरोजगारी दर के साथ बेरोजगार स्नातकों की संख्या भी बढ़ गई है। 2023 तक 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 6.3 करोड़ स्नातकों में से 1.1 करोड़ बेरोजगार थे।'' रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि स्वतंत्रता के बाद भारत ने शिक्षा से जुड़े कई अंतर को पाटने में उल्लेखनीय प्रगति की है। इसमें कहा गया, '' उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात भारत के विकास स्तर के अनुरूप है। शिक्षा तक पहुंच में लड़का-लड़की और जाति आधारित सामाजिक-आर्थिक बाधाएं कम हुई हैं (हालांकि अब भी काफी काम बाकी है)...। हालांकि, इसके साथ रोजगार में प्रभावी बदलाव नहीं हुआ है। युवा स्नातकों के लिए बेरोजगारी दर लगातार ऊंची बनी हुई है। शिक्षा तक पहुंच असमान है। हालांकि स्कूल से कार्यस्थल तक का सफर अनिश्चित है और कई लोगों के लिए यह स्थायी, लाभकारी रोजगार में तब्दील नहीं हो पाता।'' रिपोर्ट कहती है, पिछले चार दशक में युवाओं की शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और उच्च शिक्षा में नामांकन दर 28 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी खासतौर पर बढ़ी है। हालांकि, पुरुषों के नामांकन में गिरावट दर्ज की गई है। यह 2017 के 38 प्रतिशत से घटकर 2024 के अंत तक 34 प्रतिशत रह गई है। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि पुरुष अपने परिवार की जरूरत को पूरा करने के लिए कमाने के अवसर तलाशने लगते हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों का दायरा भी बढ़ा है। प्रति लाख युवाओं पर कॉलेज की संख्या 2010 के 29 से बढ़कर 2021 में 45 हो गई, जिसमें निजी संस्थानों की बड़ी भूमिका रही है। इसके बावजूद क्षेत्रीय असमानताएं बनी हुई हैं और शिक्षकों की कमी एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आई है। निर्धारित मानकों के मुकाबले निजी और सरकारी कॉलेजों में शिक्षक-छात्र अनुपात काफी अधिक है।

## रोहित शर्मा अब पहले से कहीं ज्यादा फिट, अपने कौशल पर काफी काम किया : जयवर्धने



**मुंबई:** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने मंगलवार को कहा कि रोहित शर्मा आईपीएल 2026 से पहले काफी फिट और पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रहे हैं तथा उन्होंने अपने कौशल पर जमकर काम किया है। टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके रोहित ने पिछली बार जनवरी में भारत के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेली थी। जयवर्धने को उम्मीद है कि भारत और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान टीम का मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे। जयवर्धने ने एमआई जूनियर 2026 फाइनल्स के दौरान कहा, उन्होंने काफी मेहनत की है। पिछले सप्ताह उन्होंने अपने कौशल पर काफी काम किया और अभ्यास शिविर के पहले दिन से ही हमारे साथ जुड़ गए। नेट सत्र में वह लय में दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, यह रोहित का नया रूप है (काफी फिट और पूरी तरह समर्पित)। मैं उनसे आगे बढ़कर नेतृत्व करने की उम्मीद कर रहा हूं। जयवर्धने ने सूर्यकुमार यादव की भी तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय टी20 कप्तान अपनी व्यक्तिगत फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि टी20 विश्व कप में टीम को रिकॉर्ड तीसरा खिताब दिलाने में सूर्यकुमार की कप्तानी सराहनीय रही। उन्होंने कहा, सूर्यकुमार को अपनी फॉर्म की ज्यादा चिंता नहीं है। वह कमाल के खिलाड़ी हैं और सही समय पर योगदान देते हैं। हां, निरंतरता एक पहलू है जिस पर वह काम करना चाहेंगे, लेकिन जिस तरह उन्होंने टीम का नेतृत्व किया, वह काबिले-तारीफ है।

## मंधाना महिला वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, हरमनप्रीत सातवें स्थान पर पहुंची



**दुबई:** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष स्थान पर कायम हैं। रैंकिंग में यह बदलाव न्यूजीलैंड की दिग्गज बल्लेबाज सोफी डिवाइन के दो स्थान फिसलकर नौवें नंबर पर आने के बाद हुआ। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर बरकरार हैं। न्यूजीलैंड की बल्लेबाज मैडी ग्रीन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 'आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज' के अंतिम मैच में 94 रनों की शानदार पारी खेलकर रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। 33 वर्षीय ग्रीन की डुनेडीन में खेली गई 73 गेंदों की पारी की बदौलत उनकी टीम ने 200 रन से जीत दर्ज करते हुए श्रृंखला में 3-0 से सूपड़ा साफ किया। इस प्रदर्शन से वह पांच स्थान ऊपर चढ़कर 610 रेटिंग अंकों के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। न्यूजीलैंड की हरफनमौला अमेलिया केर ने आखिरी वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 रन बनाने के साथ 22 रन देकर पांच विकेट झटके और 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार अपने नाम किया। इस बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' भी चुना गया। इस प्रदर्शन से केर 21वें स्थान से संयुक्त 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं और बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी दोनों में 600 से अधिक रेटिंग अंक हासिल किए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड की इसाबेल गेज भी तीन स्थान की छलांग लगाकर 61वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं, तेज गेंदबाज रोजमेरी मेयर सात स्थान ऊपर चढ़कर 58वें और ब्री इलिंग पांच स्थान की बढ़त के साथ 79वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## धोनी शीर्ष छह में बल्लेबाजी करें या फिर हट जाएं: डिविलियर्स



**नयी दिल्ली:** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने मंगलवार को बेबाक राय देते हुए कहा कि महेंद्र सिंह धोनी को आगामी आईपीएल में शीर्ष छह में बल्लेबाजी करनी चाहिए क्योंकि आठवें या नौवें नंबर पर आने से उनकी मौजूदगी के साथ न्याय नहीं होता। धोनी 44 साल के हो चुके हैं और 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के लिए खेलेंगे और डिविलियर्स ने इस करिश्माई खिलाड़ी से पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजी क्रम में बहुत नीचे खेलने की रणनीति को बदलने की अपील की। आगामी आईपीएल सत्र में सीएसके में धोनी की भूमिका पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा, 'यह बहुत मुश्किल है और सीधा-सीधा मामला नहीं है। ब्रांड बनने में वर्षों लगते हैं और सीएसके ने धोनी की शख्सियत के साथ कई वर्षों में यह साम्राज्य खड़ा किया है जो हमेशा से वहां मौजूद रहे हैं। जब आप सीएसके का नाम लेते हैं तो तुरंत आपके दिमाग में धोनी का नाम आता है।' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में उनकी भूमिका पूरी तरह से ब्रांड को जितना हो सके उतना मजबूत बनाए रखने की रही है। इसीलिए मुझे आठ या नौ नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उनकी कोई भूमिका नजर नहीं आती और ना ही वह पिछले सत्र की तरह कुछ खास कर पा रहे हैं।' डिविलियर्स ने कहा, 'हम जानते हैं कि वह बहुत से असरदार हो सकते हैं लेकिन अगर वह इतनी नीचे बल्लेबाजी कर रहे हैं और कप्तानी भी नहीं कर रहे हैं तो ऐसा लगता है कि वह गलत कारणों से बस टीम में एक जगह भर रहे हैं। उनके लिए अब भी टीम में जगह है लेकिन उन्हें बल्लेबाजी के लिए ऊपर आना होगा, कम से कम नंबर छह पर और कभी-कभी तो पांच या चार नंबर पर भी।'

## न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 में दक्षिण अफ्रीका को 68 रन से हराकर श्रृंखला बराबर की



**हैमिल्टन:** सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने 60 रन की आकर्षक पारी खेली जबकि तेज गेंदबाज बेन सीयर्स और लॉकी फर्ग्यूसन ने तीन-तीन विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने मंगलवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 68 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। कॉनवे की 49 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया जिसमें जोश क्लर्कसन नाबाद 26 रन बनाकर दूसरे बड़े स्कोरर रहे। इससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 175 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई। उसके बल्लेबाजों को पिच की गति और उछाल से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। उनकी टाइमिंग सही नहीं थी जिसके कारण उसके सभी बल्लेबाज कैच आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी छह विकेट 40 रन पर गंवाए। जॉर्ज लिंडे की तूफानी पारी के दम पर ही वह 100 रन की संख्या पार कर पाया। लिंडे ने 12 गेंदों में तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 33 रन बनाए। हाल ही में टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के रिजर्व खिलाड़ी रहे सियर्स ने 14 रन देकर तीन जबकि फर्ग्यूसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए।

### ओलंपिक 2028 में चार दिन पहले शुरू हो जाएंगे फुटबॉल के मैच

**लॉस एंजिलिस :** लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में पुरुषों और महिलाओं के फुटबॉल मैच उद्घाटन समारोह से चार दिन पहले शुरू होंगे और इन्हें अमेरिका के सात शहरों में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने जो कार्यक्रम तैयार किया है उसके अनुसार शुरुआत से ही टीमों को पिछले ओलंपिक की तुलना में विश्राम के लिए दो अतिरिक्त दिवस मिलेंगे। ओलंपिक में फुटबॉल के मैच 10 जुलाई से शुरू होंगे। इसके ग्रुप चरण और क्वार्टर फाइनल के मैच न्यूयॉर्क, कोलंबस, ओहियो, नैशविले, टेनेसी और सेंट लुई में खेले जाएंगे। नॉकआउट राउंड के बाकी मैच कैलिफोर्निया के सैन जोस, सैन डिएगो और पासाडेना में होंगे। स्वर्ण पदक के लिए होने वाला मैच रोज़ बाउल स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी स्टेडियम में 1994 का पुरुष विश्व कप का फाइनल, 1999 का महिला विश्व कप का फाइनल और 1984 के ओलंपिक खेलों का स्वर्ण पदक का मैच आयोजित किया गया था।

## पढ़ाई में तो अच्छे नंबर नहीं मिले, लेकिन क्रिकेट में 80 प्रतिशत अंक हासिल किए: सूर्यकुमार



**नयी दिल्ली:** सूर्यकुमार यादव को भले ही पढ़ाई में बहुत अधिक सफलता नहीं मिली लेकिन क्रिकेट के मैदान पर उन्होंने आखिरकार 80 प्रतिशत अंक हासिल कर लिए हैं। सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने हाल में टी20 विश्व कप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। इस जीत का भरपूर आनंद ले रहे सूर्यकुमार का भारतीय कप्तान के रूप में जीत का रिकॉर्ड 80 प्रतिशत है। मुंबई के रहने वाले सूर्यकुमार स्वाभाविक रूप से अपने इन आंकड़ों से बेहद खुश थे, क्योंकि शिक्षा ग्रहण करते समय वह कभी इतने अधिक नंबर लेकर नहीं आए थे। सूर्यकुमार ने 2024 में टी20 कप्तान का पद संभालने के बाद लगातार सफलता हासिल की। उनकी अगुवाई में भारत ने अभी तक जो 52 मैच खेले हैं उनमें से 42 मैच में उसे जीत मिली है। सूर्यकुमार ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, ''मुझे लगता है कि स्कूल और कॉलेज में मैंने जो प्रतिशत हासिल करने की कोशिश की वह अब मुझे क्रिकेट में मिल रही है।' उन्होंने कहा, 'वहां (स्कूल या कॉलेज में) मैं कभी 50-60 प्रतिशत का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। लेकिन यह (जीत की दर 80 प्रतिशत) सुनकर वास्तव में बहुत अच्छा लग रहा है। मैं वैसे आंकड़ों पर बहुत ज्यादा गौर नहीं करता हूं लेकिन किसी को भी किसी भी खेल में हारना पसंद नहीं होता और मुझे भी जीतना पसंद है।' सूर्यकुमार के पिता अशोक कुमार यादव भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थे। लेकिन सूर्यकुमार का कभी पढ़ाई लिखाई में मन नहीं लगा और उनके परिवार ने क्रिकेट में उनके सपनों को साकार करने के लिए पूरा सहयोग दिया।

### निर्णायक मोड़: पत्नी के सीधे सरल सवाल ने बदल दिया सूर्यकुमार का करियर

उनकी पत्नी के सीधे सरल सवाल ने ही उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने को प्रेरित किया और अब जबकि सूर्यकुमार यादव विश्व कप विजेता कप्तान बन चुके हैं, तो वे अपनी 'बेहद निश्छल' पत्नी देविशा की प्रशंसा करते नहीं थकते क्योंकि उन्होंने ही उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। यह साल 2018 की बात है जब देविशा ने सूर्यकुमार से एक सरल सवाल पूछा, 'अगर आप भारत के लिए खेलना चाहते हैं, तो आपकी क्या योजना है?' उस 'बेहद सादगीपूर्ण बातचीत' के आठ साल बाद सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने टी20 विश्व कप में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

## केकेआर को बड़ा झटका: घुटने की चोट के कारण आईपीएल के अधिकतर मैचों से बाहर रहेंगे हर्षित राणा



**कोलकाता:** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पिछले महीने हुई घुटने की सर्जरी से उबर रहे हैं और वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अधिकतर मैचों से बाहर रह सकते हैं। 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक उनकी वापसी के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की है। राणा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। वह अभी 'रिहैबिलिटेशन' से गुजर रहे हैं और बीसीसीआई की चिकित्सा टीम ने उनकी वापसी के लिए कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है।



## सड़क निर्माण में नगर निकायों के कचरे के अधिक उपयोग हो : गडकरी



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्राकृतिक संसाधनों की बचत के लिए सड़क निर्माण में नगर निकायों के कचरे के अधिक उपयोग पर मंगलवार को जोर दिया। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने एशियन एजुकेशन ग्रुप (एईजी) के 14वें वार्षिक दीक्षांत समारोह-2026 को संबोधित करते हुए कहा कि पुराने कचरे के उपयोग से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल सहित पुराने कचरे के चार पहाड़ हैं। सरकार ने 80 लाख टन कचरे को अलग-अलग करने और उसे सड़क निर्माण में उपयोग करने की पहल की है। मंत्री ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे सहित विभिन्न परियोजनाओं में कचरे का उपयोग किया गया है। उन्होंने कहा, 'हमने सड़क निर्माण में नगर निकायों के कचरे का उपयोग करने का निर्णय लिया है ताकि हमें बजरी (एग्रीगेट) की व्यवस्था के लिए प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग न करना पड़े।'

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन मजबूती, सेंसेक्स 568 अंक चढ़ा



**मुंबई:** वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख और धातु एवं वाहन शेयरों में खरीदारी के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन मजबूती रही। सेंसेक्स 568 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में 172 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 567.99 अंक यानी 0.75 प्रतिशत चढ़कर 76,070.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 801.41 अंक बढ़कर 76,304.26 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 172.35 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,581.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल का शेयर सबसे अधिक 5.70 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और मारुति सुजुकी के शेयरों में भी तेजी में रहे। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू निवेशकों की तरफ से सस्ते दाम पर उपलब्ध शेयरों पर दांव लगाने से बाजार ने अपनी तेजी कायम रखी। वाहन, धातु और वित्तीय क्षेत्रों ने इस तेजी की अगुवाई की जबकि हाल की गिरावट में सबसे ज्यादा प्रभाव इन पर ही पड़ा था।'

## घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाने से घरों में आपूर्ति सुनिश्चित होगी: सीतारमण



**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बीच घरों में रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ाया जा रहा है। सीतारमण ने राज्यसभा में अनुदान संबंधी पूरक मांगों के दूसरे बैच पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि देश में खरीफ फसल के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है और अगली रबी फसल के लिए पोषक तत्वों की खरीद को लेकर वैश्विक बोली प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। भारत अपनी घरेलू एलपीजी आवश्यकताओं का लगभग 65 प्रतिशत आयात करता है और इसका 90 प्रतिशत हिस्सा युद्ध से प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है। सीतारमण ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट ने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भरता पर जोर देने तथा भारत की बुनियादी मांगों को पूरा करने के लिए उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों से देश को मदद मिली है। उन्होंने कहा, 'लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी आयात में कुल 65 प्रतिशत होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है। इसके परिणामस्वरूप, यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि हमें एलपीजी मिलेगी या नहीं। इस संकट के समय में हम निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं और इस बारे में पर्याप्त रिपोर्ट मौजूद हैं।'' एलपीजी क्षेत्र के बारे में सीतारमण ने कहा कि देश उत्पादन क्षमता बढ़ा रहा है और 'इस समय भी जिस तरह से हमने एलपीजी में घरेलू उत्पादन क्षमता बढ़ाई है, उससे भी मदद मिल रही है।'

### यूपी में अब अंडों पर उपयोग करने की आखिरी तारीख अंकित होगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक अप्रैल से अंडों पर उसके उपयोग की आखिरी तारीख (एक्सपायरी) दर्ज करने का निर्णय लिया है और दवाओं के पत्तों की तरह अंडों पर भी यह प्रयोग होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, एक अप्रैल से अंडा उत्पादकों के लिए एक्सपायरी डेट का उल्लेख करना अनिवार्य कर दिया गया है। मंगलवार को राज्य सरकार के पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मुकेश मेश्राम ने बताया कि अंडा उत्पादकों को हर अंडे पर उत्पादन की तारीख और एक्सपायरी की तारीख की मुहर लगानी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 30 डिग्री सेल्सियस के सामान्य तापमान पर रखे गए अंडों का इस्तेमाल, अंडे दिए जाने की तारीख से दो सप्ताह के अंदर कर लेना चाहिए; और जब अंडों को दो डिग्री सेल्सियस से आठ डिग्री सेल्सियस के बीच के रेफ्रिजरेशन तापमान पर रखा जाता है, तो उनका इस्तेमाल अंडे दिए जाने की तारीख से पांच सप्ताह के अंदर किया जा सकता है। सीतापुर जिले में एक पॉल्ट्री फार्म के मालिक बालेश्वर वर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह फ़ैसला हाल ही में एपीसी (कृषि उत्पादन आयुक्त) दीपक कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में लिया गया था।

## मृतकों के बैंक खातों का विवरण वारिसों को क्यों न मुहैया कराया जाए: उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से यह जानना चाहा कि मृत खाताधारकों के बैंक खातों की जानकारी उनके वैध उत्तराधिकारियों को उपलब्ध कराने में क्या बाधा है, और इस संबंध में स्पष्ट नीति तैयार करने की जरूरत बताई। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पत्रकार सुचेता दलाल की तरफ से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। इस याचिका में मृत खाताधारकों के निष्क्रिय पड़े हुए जमा की जानकारी उनके उत्तराधिकारियों तक पहुंचाने के लिए एक व्यवस्था बनाने का निर्देश देने की अपील की गई है। पीठ ने कहा, यदि कोई व्यक्ति अपने कई बैंक खातों का विवरण छोड़े बगैर मर जाता है, तो उसके वारिस उनमें जमा राशि के बारे में जानकारी कैसे जुटाएंगे? कानूनी वारिसों को जानकारी देने में क्या समस्या है? सरकार को इस पर नीति बनानी होगी। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि ऐसे खातों का विवरण सार्वजनिक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने भी केंद्रीकृत और तलाश-योग्य डेटाबेस बनाने की सिफारिश की है, जिससे लोग अपने दिवंगत परिजनों के खातों का पता लगा सकें। केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वी वेंकटरमण ने कहा कि यदि कोई वास्तविक वारिस सामने आता है तो उसे 'जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष' से राशि वापस कर दी जाती है। आरबीआई ने यह कोष 2014 में बनाया था जिसमें बैंकों की निष्क्रिय जमाओं को रखा जाता है। शीर्ष अदालत ने केंद्र और आरबीआई को इस मामले में नए हलफनामे दाखिल करने को कहा और अगली सुनवाई के लिए पांच मई की तारीख तय की।

## बिहार महिला रोजगार मेला में 6,000 से अधिक महिलाओं को मिला रोजगार

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में आयोजित दो-दिवसीय 'महिला रोजगार मेला-2026' में 6,000 से अधिक महिलाओं को रोजगार मिला। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास निगम (डब्ल्यूसीडीसी) की तरफ से आयोजित रोजगार मेला में कुल 18,500 महिलाओं ने पंजीकरण कराया था। इस मेले में शामिल खुदरा, विनिर्माण, लॉजिस्टिक, इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, सौंदर्य एवं देखभाल और कपड़ा समेत विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों ने महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयशी ने संवाददाताओं से कहा, ज्ञान भवन में आयोजित दो-दिवसीय 'महिला रोजगार मेला-2026' में लगभग 6,120 महिलाओं को रोजगार मिला। इनमें स्वास्थ्य क्षेत्र में सर्वाधिक 1,228 महिलाओं को नियुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि मेले के दूसरे दिन महिलाओं की भीड़ और साक्षात्कार के प्रति उत्साह में वृद्धि देखी गई, जो इस बात का संकेत है कि महिलाएं पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ अवसरों का लाभ उठा रही हैं। प्रेयशी ने कहा, रोजगार मेला ने यह साबित किया कि जब सही अवसर मिलते हैं तो सपने साकार होते हैं।

## न्यूज अपडेट

### मारुति को मिला आयकर विभाग का 5,786 करोड़ रुपये का आकलन आदेश

**नयी दिल्ली:** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने मंगलवार को कहा कि उसे आयकर प्राधिकरण से 5,786.4 करोड़ रुपये के आकलन आदेश का मसौदा प्राप्त हुआ है और कंपनी इस आदेश को चुनौती देगी। कार विनिर्माता कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''कंपनी को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए मूल्यांकन आदेश का मसौदा प्राप्त हुआ है, जिसमें आयकर रिटर्न के संबंध में 57,86.4 करोड़ रुपये की कुछ अतिरिक्त राशि/अस्वीकार प्रस्तावित किए गए हैं।' कंपनी ने कहा कि वह विवाद समाधान मंच के समक्ष अपनी आपत्तियां दायर करेगी।

### वायदा कारोबार में चांदी 2,168 रुपये के उछाल के साथ 2.58 लाख रुपये प्रति किग्रा. पर

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच ताजा सुरक्षित निवेश वाली आस्तियों की लिवाली बढ़ने से वायदा बाजार में चांदी में चार दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूट गया और इसकी कीमत 2,168 रुपये की तेजी के साथ 2,58,700 रुपये प्रति किग्रा हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्स्चेंज में चांदी के मई महीने में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 2,168 रुपये यानी करीब एक प्रतिशत की तेजी के साथ 2,58,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। जिसमें 5,995 लॉट के लिए कारोबार हुआ। दिन के कारोबार में चांदी में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया और यह 6,367 रुपये या 2.5 प्रतिशत बढ़कर 2,62,899 रुपये प्रति किलोग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

### एयर इंडिया के बोइंग 777-300 ईआर विमान ने छह साल बाद फिर भरी उड़ान

**नयी दिल्ली:** एयर इंडिया के पुराने बोइंग 777-300ईआर विमान ने छह साल से अधिक समय तक सेवा से बाहर रहने के बाद फिर से उड़ान भरना शुरू कर दिया है। एयरलाइन ने मंगलवार को बताया कि विमान वीटी-एएलएल को फिर से उड़ान के लायक बनाने के लिए 3,000 से अधिक नए प्रमुख पुर्जे लगाए गए और 4,000 से ज्यादा मरम्मत कार्य पूरे किए गए। ये सभी काम एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड (एआईईएसएल) के नागपुर स्थित मरम्मत एवं रखरखाव (एमआरओ) केंद्र में हुए। टाटा समूह के नियंत्रण वाली एयरलाइन ने कहा कि यह विमान फरवरी, 2020 में कई तकनीकी खामियों और पुराने हो चुके पुर्जों के कारण सेवा से हटा दिया गया था। लेकिन अप्रैल, 2025 में इसे फिर से चालू करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद मई, 2025 में इसे व्यापक मरम्मत और पुनर्स्थापन कार्यक्रम के तहत नागपुर एमआरओ केंद्र में भेजा गया था। एयर इंडिया ने बताया कि टाटा समूह द्वारा अधिग्रहण के समय विरासत में मिले 113 विमानों के बेड़े में 30 ऐसे विमान शामिल थे, जो लंबे समय से सेवा से बाहर थे। वीटी-एएलएल उनमें से आखिरी विमान था, जिसे अब फिर से सेवा में शामिल कर लिया गया है।

### जियो पेमेंट्स बैंक ने यूपीआई आधारित नकदी निकासी सेवा शुरू की

**नयी दिल्ली:** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जियो पेमेंट्स बैंक ने अपने 'बिजनेस कॉरस्पोंडेंट टचपॉइंट्स' के माध्यम से यूपीआई आधारित नकद निकासी की सुविधा शुरू की है। यह कदम डिजिटल भुगतान परिवेश को मजबूत करने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बिजनेस कॉरस्पोंडेंट टचपॉइंट्स बैंकिंग का एक ऐसा माध्यम हैं, जहां ग्राहक बैंक शाखा जाए बिना अपने बैंकिंग लेन-देन कर सकते हैं। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) के बयान के अनुसार, इस सुविधा से ग्राहक, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सिर्फ यूपीआई क्यूआर कोड स्कैन करके और अपने यूपीआई ऐप से लेन-देन को अधिकृत करके आसानी से नकद निकाल सकेंगे। इसके लिए किसी डेबिट कार्ड या एटीएम की आवश्यकता नहीं होगी।

वर्ष 10, पूर्णांक 3534 अंक 344 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in